मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशितः भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com



भोपाल

शुक्रवार 09 मई 2025

■ वर्षः 30 ■ अंकः 132

■ पेजः 8 ■ मूल्यः 1.50/- रुपए

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

# एक्सप्रेस न्यूज

## 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स 9 मई तक बंद

**430 फ्लाइट्स कैंसिल, हरियाणा-पंजाब-राजस्थान में अलर्ट, स्कूल बंद सरकारी विभागों की छुट्टियां रद्द**



**श्रीनगर/जयपुर/अमृतसर/अहमदाबाद, ईएमएस।** पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद बने तनाव के बीच केंद्र ने 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स 9 मई तक बंद कर दिए हैं। ये राज्य- जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश हैं। बड़े एयरपोर्ट्स में श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर शामिल हैं। ये पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। मप्र के ग्वालियर और उत्तर प्रदेश के हिंडन एयरपोर्ट के ऑपरेशन भी बंद हैं। एअर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट, अकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने आज करीब 430 फ्लाइट्स को कैंसिल किया है। ये देश की दैनिक उड़ानों का 3 है। वहीं, पाकिस्तान में भी करीब 147 फ्लाइट्स कैंसिल हुई, जो दैनिक उड़ानों का 17 प्रतिशत है। जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में हाई अलर्ट है।

### पाकिस्तान की जम्मू-कश्मीर में फायरिंग, 15 लोगों की मौत

**जम्मू-कश्मीर, ईएमएस।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी देर रात जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर में सीजफायर का उल्लंघन किया और गोलाबारी की। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पुंछ में 13 नागरिकों की जान चली गई, जबकि 59 लोग घायल हुए हैं। जबकि स्थानीय सूत्रों के अनुसार 15 लोगों की मौत हुई। पुंछ में फायरिंग में लांस नायक दिनेश कुमार (32) शहीद हो गए। वे हरियाणा के पलवल के रहने वाले थे। सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने लांस नायक दिनेश कुमार को श्रद्धांजलि दी।

## चुपके-चुपके

### कलेक्टर मैडम की चालाकी... चक्करघिन्नी बन गए ज्ञानी

हर ब्यूरोक्रेट्स अपने आप को सर्वज्ञ समझता है। इसलिए उसकी कोशिश रहती है कि दूसरों के कंधे को सहारा बनाकर वह अपना काम निकाल ले। खबरची का कहना है कि ऐसे ही एक मामले में एक कलेक्टर मैडम की चालाकी चर्चा का केंद्र बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार 2014 बैच की उक्त महिला आईएएस अधिकारी एक आदिवासी बहुल जिले में कलेक्टर हैं। मैडम के पास एक शिकायत पहुंची है कि कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 2016 में चयनित अभ्यर्थियों में से 6 ने सीपीसीटी परीक्षा पास नहीं की है, फिर भी वे नौकरी कर रहे हैं। लेकिन मैडम ने इस मामले में स्वयं कोई कदम उठाना उचित नहीं समझा और मुख्य सचिव राजस्व को नोटशीट भेजकर कार्रवाई को कहा है। मैडम की इस चालाकी से बड़े-बड़े ज्ञानी चक्क रघिन्नी बन गए हैं।

-खबरची

## फटाफट खबरें

### सोना 1,402 घटकर 96,024 पर आया

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सोने के दाम में गुरुवार को गिरावट दिखी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,402 घटकर 96,024 रुपए पर आ गया है। कल सोने की कीमत 97,426 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 1,174 रुपए गिरकर 94,600 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। बुधवार को चांदी का भाव 95,774 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### कैंटर में घुसी पुलिस वैन, 4 की मौत

**अलीगढ़, ईएमएस।** अलीगढ़ के थाना लोधा क्षेत्र के बाईपास हाईवे के चिकावटी मोड़ पर फिरोजाबाद से मुजफ्फरनगर मुलजिम लेकर जा रही पुलिस की वैन गुरूवार सुबह 8.15 बजे खड़े कैंटर से टकरा गई। हादसे में एक दरोगा, तीन पुलिसकर्मी सहित पांच की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। एक पुलिसकर्मी घायल है। सूचना पर पुलिस अधिकारी, फोर्स व क्रेन के साथ पहुंचे। पुलिस ने घायल सिपाही को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। शवों को पोस्टमार्टम को भेजने के साथ पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

### आईईडी अटैक में तीन पुलिसकर्मी शहीद

**मुलुगु, ईएमएस।** तेलंगाना के मुलुगु जिले में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है, जिसमें तीन पुलिसकर्मियों के शहीद होने की जानकारी सामने आई है। जिस इलाके में आईईडी अटैक हुआ है, वो छत्तीसगढ़ के सुकमा बॉर्डर से लगा हुआ इलाका है। नक्सलियों ने पुलिस को निशाना बनाकर विस्फोट किया, जिसमें तेलंगाना के तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए हैं। पुलिस रूटीम कॉम्बिंग कर रही थी, इसी दौरान नक्सलियों ने ब्लास्ट कर दिया। इस हमले में तीन पुलिसकर्मियों के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है।

## आज का कार्टून




## अमृतसर से जम्मू, पठानकोट से भुज... 15 शहरों पर पाक के हमले नाकाम, ढाल बना भारत का सुदर्शन-400, पाकिस्तान की नापाक कोशिश का भारत ने दिया तगड़ा जवाब

# कराची से लाहौर तक सब धुआं-धुआं...

### ■ भारत ने तबाह किया पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम, सेना के ड्रोन हमले ने बरपाया कहर

### ■ लाहौर, कराची, रावलपिंडी समेत 9 शहरों पर ड्रोन अटैक, भारत ने 3 एयर डिफेंस सिस्टम तबाह किए

● **नई दिल्ली/इस्लामाबाद, ईएमएस**

पाकिस्तान द्वारा भारत के 15 शहरों पर किए गए हवाई हमलों की कोशिश को भारतीय वायुसेना और एस-400 वायु रक्षा प्रणाली ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के दूसरे दिन भारत ने पाकिस्तान पर बड़ा एक्शन लिया है। गुरुवार सुबह भारत की स्ट्राइक में पाकिस्तान के तीन बड़े शहरों लाहौर, कराची और रावलपिंडी में लगे एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम तबाह हो गए। हमले के लिए भारत ने इजराइली हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने गुरुवार दोपहर को कहा कि पाकिस्तान के 9 शहरों में भारत ने ड्रोन हमले किए। पाकिस्तानी सेना कम से कम 50 ड्रोन गिराने में कामयाब रही। शरीफ ने माना कि एक ड्रोन नुकसान पहुंचाने में कामयाब रहा। लाहौर में पाकिस्तानी सेना के 4 जवान घायल हुए और मियानों में 2 लोगों की मौत हो गई। इस बीच अमेरिका ने लाहौर में रह रहे अपने नागरिकों और वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों को सुरक्षित जगहों पर चले जाने को कहा है। भारत सरकार ने ऑफिशियल बयान जारी करके बताया, 7 और 8 मई की दरमियानी रात को पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना सहित कुल 15 शहरों में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। भारत ने पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई करते हुए एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया। भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। इसके बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों को निशान बनाकर हमले करने की कोशिश की, जिसके जवाब में भारतीय वायुसेना के स-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने हर हमले को नाकाम कर दिया है। भारत की जवाबी कार्रवाई में रावलपिंडी, लाहौर और कराची जैसे प्रमुख शहरों को भारी नुकसान हुआ है।



**कराची में ड्रोन अटैक**

कराची में रहने वाले एक शख्स ने बताया कि सुबह 10 बजे के करीब कोई ड्रोन आया और सीधे छत से टकराया। इसके बाद पूरी छत टूट गई और गड्ढा हो गया। स्थानीय के मुताबिक इसके बाद कराची में ब्लैकआउट कर दिया गया क्योंकि बिजली के तारों को भी भारी नुकसान हुआ है। इसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरा मच गई। कराची से जो तस्वीरें सामने आई हैं उनमें देखा जा सकता है कि एक घर की छत पूरी तरह से बर्बाद हो गई और घर के अंदर रखे सामान को भी नुकसान पहुंचा है। इसी तरह की तस्वीरें लाहौर से भी आई हैं जहां एक के बाद एक कई एंबुलेंस सड़क पर जाती दिख रही हैं। इसके अलावा पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी देखा जा सकता है। लाहौर में इमरजेंसी सायरन की आवाजें भी सुनाई दे रही हैं। शहर की कई इमारतों को ड्रोन हमले से भारी नुकसान पहुंचा है। लाहौर में भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद हर तरफ भगदड़ जैसा माहौल देखा जा सकता है।

### पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह

भारत की जवाबी कार्रवाई में रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम को भी नुकसान पहुंचा है। यहां रात को पाकिस्तान सुपर लीग का मैच खेला जाना था, जिसमें पेशावर और कराची की टीमें आमने-सामने होने वाली हैं। रावलपिंडी में होने वाले पीएसएल के बाकी मैच कराची में शिफ्ट कर दिए गए हैं। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में आयोजित पाकिस्तान िकेट बोर्ड की एक इमरजेंसी बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया है। पाकिस्तान के गुजरांवाला ने भी भयानक तस्वीरें सामने आई हैं। यहां तड़के एक के बाद एक धमाकों की आवाजें सुनाई दी हैं। इसके बाद सड़कों पर चलने वाले वाहन अचानक तेजी से दौड़ने नजर आए हैं। इन हमलों के बाद भी पाकिस्तान के होश ठिकाने नहीं आए हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ड्रोन अटैक के बाद इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। साथ ही पाकिस्तानी संसद में भी हमले से घबराकर सांसद रोते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### 15 शहरों को निशाना बनाने की कोशिश

पाकिस्तान ने भारत के अवंतिपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलौदी, उत्तर लाई और भुज में हमले की कोशिश की थी। इसके जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के इन हवाई हमलों को नाकाम करने के लिए बुधवार रात को स-400 एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिया था।


### पाकिस्तान ने निर्दोष लोगों को निशाना बनाया

भारत सरकार ने बयान में आगे कहा कि पाकिस्तान की गोलीबारी में सोलह निर्दोष लोगों की जान चली गई है, जिनमें तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं। यहां भी भारत को पाकिस्तान की ओर से मोर्टार और आर्टिलरी की गोलीबारी को रोकने के लिए जवाब देना पड़ा। भारतीय सशस्त्र बलों ने तनाव न बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, बशर्ते पाकिस्तानी सेना इसका सम्मान करे। लाहौर में वाल्टन एयरपोर्ट के पास जोरदार धमाकों की एक सीरीज सुनाई देने पर सायरन बजने लगे और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। तस्वीरों में लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे थे और उन्होंने धुएं के बादल देखे।

## तेज होने लगी ट्रांसफर की प्रोसेस, विभागों ने तय की ऑनलाइन आवेदन की डेडलाइन

**तबादलों के पहले मांगी अफसरों की पोस्टिंग की डिटेल**

**भोपाल, ईएमएस।**




तबादला आदेश जारी करने के पहले प्रदेश के जिलों में पदस्थ प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अफसरों की पदस्थापना अवधि की जानकारी मांगी जा रही है। इसको लेकर कई विभागों ने संभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी कर एक हफ्ते में जानकारी भेजने को कहा है। ताकि 30 मई तक किए जाने वाले तबादलों को लेकर ट्रांसफर किए जाने वाले अफसरों की स्थिति साफ हो सके। उधर इस मामले में अब मंत्रालय और विभागाध्यक्ष कार्यालयों में हलचल बढ़ने लगी है। मंत्री और प्रमुख सचिवों के दफ्तरों में इसकी प्रोसेस तेज होने के साथ कई विभागों ने तबादले को लेकर किए जाने वाले ऑनलाइन आवेदन की टाइम लिमिट भी तय कर दी है। जल संसाधन विभाग ने सभी मुख्य अभियंताओं को जारी निर्देश में कहा है कि वे अपने रीजन में पदस्थ प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी के अफसरों की पदस्थापना अवधि (इनकंबेंसी) की जानकारी एक हफ्ते में भेजें। इसमें संबंधित अधिकारी का नाम, मूल पदनाम और कार्यालय, जहां वर्तमान में पदस्थ हैं। इसकी जानकारी देने के साथ यह भी बताने के लिए कहा गया है कि संबंधित अफसर कितने समय से इस पद पर पदस्थ हैं।

### 8 मई तक देनी थी मांगी स्वीकृत और रिक्त पदों की जानकारी

आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने सभी सहायक आयुक्त और जिला संयोजकों को जारी निर्देश में कहा है कि जनजातीय कार्य विभाग ने तबादलों को लेकर एक अलग मॉड्यूल तैयार किया है। इसलिए तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा और इसका निराकरण भी ऑनलाइन ही होगा। इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का ई-एचआरएमएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और प्रोफाइल अपडेशन किया जाना अनिवार्य है। सभी जिला अधिकारी जिला कैडर के रोस्टर के अनुसार कर्मचारियों के स्वीकृत और रिक्त पदों की जानकारी भी देंगे।

## राफेल का मजाक उड़ाने वाले अजय राय पर एफआईआर



**वाराणसी, ईएमएस।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर वाराणसी के चेतगंज थाने में केस दर्ज किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद अजय राय ने हवाई जहाज खिलौने पर नींबू मिर्ची बांधकर राफेल फाइटर प्लेन का मजाक उड़ाया था।

राय के खिलाफ राष्ट्रवादी हिंदू शक्ति वाहिनी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने चेतगंज थाने में शिकायत की थी। पुलिस ने राय के खिलाफ धारा 107 (1) के तहत शांतिभंग करने, झूठी सूचना, अफवाह या चौंकाने वाली खबरें बनाने, प्रकाशित या प्रसारित करने की धारा 353 (2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। अगर आरोप साबित हुए तो अजय राय को 2 साल तक की कैद हो सकती है। जुर्माना भी कोर्ट लगा सकती है।

## मालेगांव ब्लास्ट का फैसला 31 जुलाई तक टला

**एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने मुंबई हाईकोर्ट से मांगा समय**

● **भोपाल, ईएमएस**



महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट मामले में फैसला टल गया है। गुरुवार को एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने मुंबई हाईकोर्ट से दोषियों को सजा सुनाने के लिए 31 जुलाई तक का समय मांगा है। माना जा रहा है कि अब एनआईए कोर्ट 31 जुलाई को फैसला सुनाएगा। इससे पहले गुरुवार सुबह मामले में साध्वी प्रज्ञा सिंह समेत सभी आरोपी और पीड़ित कोर्ट पहुंचे। केस की मुख्य आरोपी भोपाल की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर हैं। साध्वी के अलावा लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत कुल 12 आरोपी हैं, जिन पर आतंकी साजिश, हत्या, धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोप हैं। 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में ब्लास्ट हुआ था। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई थी और 101 घायल हुए थे।

### साध्वी ने कहा- सत्यमेव जयते पर मेरा विश्वास

कोर्ट के बाहर प्रज्ञा ठाकुर ने कहा- आज डिसीजन होना था, ऐसा नहीं है। जज साहब ने तारीख दी थी। अगली तारीख में डिसीजन होगा, ये तय है। जज साहब ने कहा कि इसमें एक लाख से अधिक पेज हैं। बड़ा केस है। इसमें समय लगता है। किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। सबको न्याय मिले। अगली तारीख 31 जुलाई दी है। इसमें सभी को उपस्थित होना चाहिए। ठाकुर ने कहा- सत्यमेव जयते पर मेरा पूर्ण विश्वास है। जिस व्यक्ति पर आरोप लगता है या तो वो जानता है या ईश्वर जानता है। सरकारी पक्ष की ओर से कैपिटल पनिसमेंट की मांग के सवाल पर प्रज्ञा ने कहा- एटीएस चाहती तो मेरी मुंडी उसी दिन मरोड़ देती। उनकी इतनी दुश्मनी है। पता नहीं क्यों है? मैं विधर्मियों के लिए उनकी दुश्मन हूं और हमेशा रहूंगी। जो देशविरोधी हैं...देश के गद्दार हैं, उनकी मैं दुश्मन हूं।

## हमीदिया अस्पताल से फरार हुआ कुख्यात कैदी

**आंखों के इलाज के लिए लाया गया था, हथकड़ी से हाथ निकाल भागा**

● **भोपाल, ईएमएस**

भोपाल सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा रेप का सजायाफ्ता कैदी अमर उर्फ गुड्डू गुरूवार सुबह हमीदिया अस्पताल से फरार हो गया। कैदी अस्पताल में आंखों की जांच के लिए लाया गया था, जहां वह हवालदार की निगरानी में मौजूद था। सुबह करीब 11 बजे मौका देखकर उसने हथकड़ी से हाथ निकाला और भाग खड़ा हुआ। अमर वर्ष 2017 से नाबालिग से बलात्कार के मामले में दोषी करार दिया गया था और कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। वह पिछले कई वर्षों से भोपाल सेंट्रल जेल में बंद था। बताया जा रहा है कि उसकी आंखों में वाइटनेस की समस्या थी, जिसके चलते उसे फॉलोअप चेकअप के लिए हमीदिया अस्पताल लाया गया था।

### शहर में नाकेबंदी

कैदी के फरार होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एएसपी राकेश भांगरे के अनुसार, घटना की जानकारी मिलते ही शहरभर में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस ने अमर उर्फ गुड्डू की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दी है और जल्द ही उसे पकड़ने का दावा किया गया है।

## जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश, पहाड़ धंसने से श्रीनगर हाईवे बंद

**नई दिल्ली, ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के चलते गुरुवार को कई जगह लैंडस्लाइड और मडस्लाइड हुई है। रामबन में



जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे (एनएच-44) पर कीचड़ जमा होने से ट्रैफिक बंद कर दिया गया है। ट्रैफिक डिपार्टमेंट के मुताबिक सड़क सुबह 7.30 बजे से बंद है। कई वाहन कीचड़ में फंसे हुए हैं, उन्हें निकाला जा रहा है। भारी बारिश के चलते चिनाब नदी पर रामबन में बने बगलिहार डैम के दो और रियासी में सलाल डैम का एक गेट खोल दिया गया है। दोनों डैम पहलगाम हमले के बाद बंद कर दिए गए थे। मौसम विभाग ने 11 मई तक केंद्र शासित प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाएं चलने का अनुमान लगाया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को लगाई फटकार, कहा- हेट स्पीच से लोहे के हाथों से निपटेंगे**

## भाजपा सांसद की टिप्पणी गैर जिम्मेदाराना

● **नई दिल्ली, ईएमएस**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान को बेहद



गैरजिम्मेदाराना बताया। साथ ही कहा कि ये बयानबाजी अपनी तरफ ध्यान खींचने के लिए की गई। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में ये भी कहा कि अदालतें फूलों की तरह इतनी नाजुक नहीं हैं कि ऐसे हास्यास्पद बयानों के सामने मुरझा जाएं। सांप्रदायिक नफरत फैलाने की किसी भी कोशिश, हेट स्पीच से लोहे के हाथों से निपटेंगे।हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका खारिज कर दी। शीर्ष कोर्ट ने 5 मई को निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई की थी। कहा था कि हम ही थे, जिन्होंने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई की थी। निशिकांत दुबे ने 19 अप्रैल को कहा था कि देश में गृह युद्ध के लिए सीजेआई संजीव खन्ना और धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। दुबे सुप्रीम कोर्ट के राष्ट्रपति को विधेयकों पर फैसला लेने के लिए समय सीमा तय करने के फैसले पर बात कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को आदेश दिया था कि किसी बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

## पूर्व मंत्री दंडोतिया को जिला अस्पताल में नहीं मिली एम्बुलेंस

**मुरैना, ईएमएस ।** मुरैना में सड़क हादसे में घायल हुए पूर्व राज्य मंत्री गिर्राज दंडोतिया को एम्बुलेंस नहीं मिली। उन्हें जिला अस्पताल से दिल्ली रेफर किया गया था, लेकिन एम्बुलेंस न मिलने से परिजन ने हंगामा कर दिया। इसके बाद कलेक्टर अंकित अस्थाना उनसे मिलने जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने ग्वालियर से एम्बुलेंस बुलाई, लेकिन रास्ते में उसका भी एक्सीडेंट हो गया। इसके बाद परिजन ने ग्वालियर के निजी अस्पताल से एम्बुलेंस बुलाकर दंडोतिया को दिल्ली रवाना किया। दरअसल, पूर्व मंत्री दंडोतिया बुधवार रात जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनवारीलाल धाकड़ की बेटी के शादी समारोह से लौट रहे थे। कैलारस के तोरका गांव में एक तेज रफ्तार यात्री बस ने गिर्राज दंडोतिया की कार को टक्कर मार दी थी। हादसे में उनके पैर की हड्डी दो-तीन जगह से टूट गई। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया।



समर्थकों ने सिविल सर्जन को घेरा, परिजन प्राइवेट एम्बुलेंस से दिल्ली एम्स ले गए

### रॉन्ग साइड से आ रही थी बस

जानकारी के अनुसार, यात्री बस ने रॉन्ग साइड से आकर पूर्व मंत्री की स्कॉर्पियो में सामने से टक्क र मार दी। इससे गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार में पूर्व मंत्री गिर्राज दंडोतिया के साथ उनका ड्राइवर विजयशंकर, गौरव दुबे और पवन सेंगर सवार थे। इनमें दो लोगों के ज्यादा चोटें आई, उनके पीएसओ के भी पैर में चोट आई। बस ड्राइवर और कंडक्टर फरार हो गए।

### जिला अस्पताल में नहीं मिली एंबुलेंस

हादसे के बाद घायलों को मुरैना जिला अस्पताल लाया गया। पूर्व मंत्री की हालत गंभीर होने पर उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर गजेंद्र सिंह तोमर ने दो एम्बुलेंस की व्यवस्था की, लेकिन उनमें से एक में स्टेपनी नहीं थी और दूसरे में हेडलाइट नहीं थी। इसके बाद समर्थकों ने डॉ. तोमर को घेर लिया। कांग्रेस के पूर्व विधायक सत्यपाल सिकरवार (नीटू) भी मौके पर पहुंच गए।

### दुनिया भर में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा बढ़ी

## भारत में 30 प्रतिशत लड़कियां और 13 प्रतिशत लड़के यौन शोषण का शिकार

● **नई दिल्ली, ईएमएस**

भारत में 2023 में 30 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियां और 13 प्रतिशत लड़के 18 साल की उम्र से पहले यौन हिंसा का शिकार हुए। द लैंसेट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, 1990 से 2023 के बीच की गई एक स्टडी में पाया गया कि दुनिया के 200 से ज्यादा देशों में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं।



इसमें यह सामने आया कि लड़कियों के साथ सबसे ज्यादा यौन हिंसा साउथ एशिया में होती है। जैसे बांग्लादेश में 9.3 प्रतिशत लड़कियों के प्रति हिंसा होती है, जबकि भारत में यह आंकड़ा 30.8 प्रतिशत तक है। दुनिया भर में औसतन हर 5 में से 1 लड़की और हर 7 में से 1 लड़का 18 साल की उम्र से पहले यौन हिंसा का शिकार होता है।

### यौन हिंसा से मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर

अमेरिका की वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के हेल्थ मैट्रिक्स और इवैल्युएशन इंस्टीट्यूट के रिसर्चर्स ने कहा कि सब-सहारा अफ्रीका में 18 साल से कम उम्र के लड़कों के साथ यौन हिंसा के मामले सबसे ज्यादा हैं। यह दर जिम्बाब्वे में लगभग 8 प्रतिशत और कोट डी आइवर में 28 प्रतिशत तक पाई गई। रिपोर्ट में लिखा गया कि बच्चों के साथ यौन हिंसा एक बहुत गंभीर समस्या है। यह न सिर्फ उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। बच्चों के मानसिक तनाव, डर और चिंता को बढ़ा सकती हैं, और इसका असर उनके पूरे जीवन पर पड़ सकता है।

### यौन हिंसा रोकने के लिए जागरूकता जरूरी

रिसर्चर्स ने कहा कि बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा को रोकने और इसके बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सही और सटीक जानकारी बहुत जरूरी है। अभी बहुत से देशों के पास सही और पूरे आंकड़े नहीं हैं और इसका अनुमान लगाना काफी मुश्किल है। यह स्टडी, जो दुनिया भर में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा का पहला बड़ा अनुमान है, पब्लिकली उपलब्ध जानकारी का विश्लेषण करके किया गया है। स्टडी में पाया गया, 2023 में 18 साल से कम उम्र में यौन हिंसा का शिकार बनने वाली महिलाओं की संख्या लगभग 18.9 प्रतिशत थी,जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 14.8 प्रतिशत था। टीम ने यह भी बताया कि दुनिया भर में लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं और पुरुष अपने बचपन या किशोरावस्था में यौन हिंसा का अनुभव करते हैं।

### भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच देश के 28 एयरपोर्ट्स 9 मई तक बंद

**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद बने तनाव के बीच केंद्र ने 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स को 9 मई तक बंद कर दिया है। ये एयरपोर्ट जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और यूपी के हैं। बड़े एयरपोर्ट्स में श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर शामिल हैं। ये पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं।



### ईमेल से मिली एसएमएस स्टेडियम को उड़ाने की धमकी, स्टेडियम सील

**जयपुर, (ईएमएस)।** जयपुर के एसएमएस स्टेडियम को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। खेल परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार सुबह 9:13 पर ईमेल मिला। कर्मचारियों ने ईमेल को ओपन करके देखा तो उसमें स्टेडियम को बम से उड़ने की धमकी दी गई थी। मेल में लिखा था- ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के बाद अब एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाया जाएगा। मेल मिलने के बाद पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई।



## फटाफट खबरें

### पीएम मोदी से मिले एनएसए डोभाल

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच मोदी सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी भी पहुंचे। बैठक शुरू होने से ठीक पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। बताया जा रहा हैं कि मोदी सरकार आतंकवाद पर बड़ा हमला करने वाली है। सूत्रों के हवाले से बताया गया हैं कि मोदी सरकार और सेना फिर से एयरस्ट्राइक करने की तैयारी कर रही हैं। दरअसल एयरस्ट्राइक में आतंकियों के 9 ठिकानों को निशाना बनाया गया था।

### इजराइल की अपील कश्मीर तुरंत छोड़ें

**तेल अवीव (ईएमएस)।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखकर इजराइल ने अपने नागरिकों के लिए मौजूदा यात्रा परामर्श को अद्यतन किया है, जिसमें कश्मीर क्षेत्र में रह रहे लोगों से 'तुरंत इलाका छोड़ने' का आग्रह किया है। संशोधित परामर्श भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आतंकी ठिकानों पर हमले के बाद आया है। इजराइली विदेश मंत्रालय ने इजराइल के नागरिकों से लद्दाख के अतिरिक्त जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में जाने से बचने का आह्वान किया। इजराइली मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर में मौजूद इजराइलियों को 'तुरंत इलाका छोड़ देना चाहिए' और स्थानीय सुरक्षा बलों के निर्देशों का पालन करना चाहिए।

### प्रतिशोध का कोई अंत नहीं, महबूबा मुफ्ती

**जम्मू (ईएमएस)।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख और पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जब प्रतिशोध का कोई अंत नहीं होता है, तब बेजुबान और असहाय लोगों को असहनीय कीमत चुकानी पड़ती है। महबूबा की यह टिप्पणी नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा सीमा पार से की गई गोलाबारी के बाद आई है। महबूबा ने पोस्ट में कहा, "पहलगाम में हुए भयावह हमले के बाद, मुझे लगा कि मैंने त्रासदी की गहराई देख ली है। लेकिन आज जब मैंने भारत-पाकिस्तान तनाव की गोलीबारी में मारे गए मासूम बच्चों की भयावह तस्वीरें देखीं, तब मुझे एहसास हुआ कि अभी और भी बुरा समय आने वाला है।"

### पाकिस्तान पर की टिप्पणी, तो मारा चाकू

**शाहजहांपुर, (ईएमएस)।** भारत की एयर स्ट्राइक में आतंकियों के मारे जाने पर पाकिस्तान पर की गई टिप्पणी से बौखलाए एक युवक ने मंडी समिति परिसर में एक नाबालिग पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद हिंदू संगठनों ने हंगामा कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथी की तलाश की जा रही है। धर्मंगदपुर गांव निवासी लालबहादुर का 14 साल का बेटा सुरजीत दोपहर मंडी समिति आया था। यहां उसने एयर स्ट्राइक को लेकर हो रही चर्चा में पाकिस्तान के प्रति अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए टिप्पणी कर दी।

### सर्वदलीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया ऐलान.......

# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ

## राहुल गांधी और खड़गे ने कहा हम सरकार के साथ

● **नई दिल्ली, ईएमएस।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद मोदी सरकार की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कुछ ऐसा कह दिया कि पाकिस्तान की सांसें रुक गई। दरअसल केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और जब तक खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं होता, कार्रवाई जारी रहेगी। इसका सीधा मतलब ये हैं कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। उन्होंने कहा कि इस एयरस्ट्राइक में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं। सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी इसकी की पुष्टि की है। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि आतंकियों के करीब 12 इसतरह के ठिकाने अभी बचे हुए हैं। सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, संकट के समय में हम केंद्र सरकार के साथ हैं। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान हमला करेगा, तब भारत 10 गुना ज्यादा ताकत से जवाबी हमला करेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन की ज्यादा तकनीकी जानकारी नहीं दी जा सकती है। खरगे ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर कहा है कि वह कुछ गोपनीय जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं कर सकती। श्री खरगे ने कहा कि इस संकट की घड़ी में हम सरकार पर इसके लिए दबाव नहीं डाल रहे हैं और राष्ट्र हित में सरकार के साथ खड़े हैं।

**राहुल बोले- केंद्र को हमारा पूरा समर्थन:** वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हम सभी ने मोदी सरकार को पूरा समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी ने कहा है, मोदी सरकार ने कहा है कि वह कुछ बातों पर चर्चा नहीं करना चाहती। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजु ने कहा कि राजनीतिक दल जनता की आवाज होते हैं और सभी नेता एक स्वर में कह रहे हैं कि मोदी सरकार की सफलता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद लगातार घटनाक्रम हो रहा है इसकारण अधिकारियों को बैठक में नहीं बुलाया गया है।




### पाक पर एयर स्ट्राइक के बाद चीन के भी बदले सुर, बोला- हम आतंकवाद के खिलाफ

पाकिस्तान पर भारत की एयरस्ट्राइक से पड़ोसी मुल्क में हलचल मच गई है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में बढ़े तनाव के बीच चीन लगातार पाकिस्तान को समर्थन कर रहा था, लेकिन भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन के सुर भी बदल गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन ने कहा कि भारत और पाकिस्तान को क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए तनाव को कम करने पर ध्यान देना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करने से तनाव को कम करने में निर्णायक भूमिका निभाई जा सकती है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम मौजूदा स्थिति को लेकर चिंतित हैं। भारत-पाकिस्तान हमेशा एक-दूसरे के पड़ोसी रहेंगे। ये दोनों देश चीन के भी पड़ोसी हैं। चीन हर प्रारूप में आतंकवाद का विरोध करता है, लेकिन हम दोनों पक्षों को क्षेत्र में स्थिरता के लिए शांति बनाए रखने और किसी भी तरह के उकसावे की कार्रवाई से दूर रहने का आग्रह करते हैं। चीन ने यह भी कहा कि हम भारत की सैन्य कार्रवाई पर खेद जताते हैं। बता दें आतंक की कमर तोड़ने के लिए भारतीय सेना ने मंगलवार देर रात ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। पीएम मोदी ने खुद इस ऑपरेशन का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा था।

### पाक के आईएसआई चीफ ने डोभाल से की बात

पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में लोगों को इंतजार था कि भारत कब आतंकियों से बदला लेगा और मंगलवार रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर इस इंतजार को खत्म कर दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के चार और पीओके के पांच स्थानों पर एयर स्ट्राइक कर आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया और पहलगाम में मारे गए लोगों की मौत का बदला ले लिया। भारत की इस कार्रवाई के बाद अब पाकिस्तान सरेंडर हो गया है और पाकिस्तानी एनएसए ने भारतीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से संपर्क किया है। जहां भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद मामले को नहीं बढ़ाने की घोषणा की है, तो वहीं पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने इन हमलों का जवाब देने की बात कही है, लेकिन एक अहम सूचना सामने आई है जिसके मुताबिक पाकिस्तान के एनएसए और आईएसआई प्रमुख असीम मलिक ने अजीत डोभाल से बात की है। अजीत डोभाल के साथ असीम मलिक की हुई बातचीत के बारे में पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने एक इंटरव्यू में ये बात कही।

# अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन में नासा प्रतिनिधि रहे अनुपस्थित

## कारण पैसे की तंगी तो नहीं

● **नई दिल्ली, ईएमएस।** दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन में अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति ने सभी का ध्यान खींचा है। नासा के करीब एक दर्जन अंतरिक्ष यात्रियों और वैज्ञानिकों को सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें अपनी भागीदारी रद्द करनी पड़ी।

सूत्रों ने बताया कि पैसों की कमी के चलते नासा के प्रतिनिधि भारत नहीं आए। 35 देशों के प्रतिनिधि, चीन, जापान, कनाडा और यूरोप की प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियों के आधा दर्जन अधिकारी, 1700 से अधिक प्रतिनिधि और 10 अंतरिक्ष यात्री ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बने। लेकिन इस भव्य सम्मेलन में दुनिया की सबसे बड़ी स्पेस एजेंसी नासा से कोई नहीं आया।

आयोजन समिति के सदस्य ने बताया कि नासा का प्रतिनिधित्व इस बार इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि उन्हें यात्रा और भागीदारी के लिए फंड उपलब्ध नहीं कराए गए। यह सम्मेलन अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और सहयोग पर चर्चा के लिए आयोजित हुआ था।

बताया जा रहा है कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में वापसी के बाद उनकी सरकार ने वित्त वर्ष 2026 के




बजट में बड़े पैमाने पर कटौती की है। इसके चलते नासा के कई मिशन रद्द या स्थगित हुए हैं, जिसमें मंगल ग्रह से सैंपल लेकर आने वाला मिशन भी शामिल है। इन कटौतियों का असर नासा के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भागीदारी पर भी पड़ा है।

भारत ने पहली बार जीएलईएक्स की मेजबानी की है और इस वर्ष इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में इतिहास की सबसे अधिक भागीदारी देखी जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री संघ और इसरो द्वारा आयोजित कार्यक्रम भारत के बढ़ते अंतरिक्ष कद को भी दिखाता है। एक आईएएफ सदस्य ने बताया कि नासा इस समय अंदरूनी बदलाव के दौर से गुजर रहा है और प्रमुख विभागों के प्रमुख भी अभी स्थायी रूप से नियुक्त नहीं हुए हैं, जिससे इसकी उपस्थिति और भी मुश्किल हो गई।

भले ही नासा की अनुपस्थिति ने कुछ सवाल खड़े किए हों, लेकिन सम्मेलन में अन्य देशों की सक्रिय भागीदारी और रिकॉर्ड संख्या में प्रतिनिधियों की मौजूदगी ने एक ऐतिहासिक मौका बना दिया है।

# अमृतसर में धमाकों की आवाज के बाद पटाखों पर बैन

**चंडीगढ़, (ईएमएस)।** पंजाब के अमृतसर में बुधवार देर रात तेज धमाकों की आवाज के बाद प्रशासन ने पटाखों पर बैन लगा दिया है। ये प्रतिबंध अगले आदेश तक जारी रहेगा। इस संबंध में जिला प्रशासन ने एक पत्र भी जारी किया है, साथ ही पंजाब पुलिस ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी है।

अमृतसर प्रशासन के जारी पत्र के मुताबिक लोग शादी के मौके या धार्मिक कार्यक्रम के दौरान पटाखे और आतिशबाजी करते हैं ऐसे पटाखे लोगों में दहशत पैदा करते हैं, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति को खतरा पैदा होता है। इसको ध्यान में रखते हुए जिले में पटाखों के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया दिया गया है। ये बैन अगले आदेश तक जारी रहेगा।

प्रशासन ने बताया कि भारत सरकार और पंजाब सरकार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक पंजाब के कई जिलों में किसी भी संकट की स्थिति



से निपटने के लिए नागरिक सुरक्षा के तहत मॉक ड्रिल की जा रही है। वहीं, किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पंजाब के पुलिस ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियों को रद्द कर दिया है। बता दें कि बुधवार देर रात अमृतसर में धमाकों की आवाजें सुनाई दीं, जिसके बाद एहतियात के तौर पर प्रशासन ने ब्लैकआउट कर दिया जो पूरी रात लागू रहा। धमाके की आवाज को लेकर अमृतसर के पुलिस कमिश्नर ने साफ कहा कि धमाकों की आवाज सुनी, लेकिन हमने मौके पर जाकर जांच की तो कुछ नहीं मिला। सावधानी बरतते हुए ब्लैकआउट कर दिया।

# पाकिस्तान पर कार्रवाई में हरियाणा का जवान शहीद

**पलवल, (ईएमएस)।** पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक के दौरान हरियाणा के पलवल जिले के मोहम्मदपुर गांव के लाल लांस नायक दिनेश शर्मा देश के लिए शहीद हो गए। दिनेश की शहादत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे इलाके में मातम छा गया। शहीद के पिता दयाचंद शर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि मेरे पांच बेटे हैं, उनमें से तीन अभी भी सेवा में थे। दिनेश सबसे बड़ा बेटा था। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के पीओके में आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इस कार्रवाई में हरियाणा के पलवल जिले के मोहम्मदपुर गांव के रहने वाले जवान दिनेश शर्मा शहीद हो गए। दिनेश शर्मा के दो भाई सेना में हैं, वहीं उनका चचेरा भाई मुकेश भी सेवा की मेडिकल विंग में पदस्थ है, जो दिनेश शर्मा की शहादत की खबर मिलने के बाद अपने पैतृक गांव भाई को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंच चुके हैं। दिनेश शर्मा के चचेरे भाई ने बताया कि दिनेश सेना की आर्टिलरी डिवीजन 5 मीडियम में तैनात थे। दुश्मन सैनिकों द्वारा किए गए फायर से जख्मी हो गए थे।

# भारत की कार्रवाई के बाद पाक सेना ने बड़े आतंकियों को हेडक्वाटर्स में किया शिफ्ट!

**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को तबाह कर दिया है। हमले के बाद पाकिस्तानी सेना और आतंकवादियों के साथ आ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तानी सेना ने आतंक के तीन बड़े आकाओं समेत कुछ बड़े आतंकवादियों को अपने चार हेडक्वार्टर्स में शिफ्ट कर दिया है। भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के लिए आतंकवादियों के नए ठिकाने तैयार करना आसान नहीं होगा।

भारत द्वारा की गई एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में मौजूद आतंक के चार बड़े चेहरे छिपने की जगह तलाश रहे हैं। उनके साथ-साथ पाकिस्तानी



सेना और खुफिया एजेंसी को भी डर है कि जिस तरह के हालात हैं ऐसे में कहीं कोई अज्ञात बंदूकधारी उन्हें अपना निशाना ना बना ले। भारत द्वारा की गई कार्रवाई के पहले ही अनेक प्रशिक्षण कैंपों में मौजूद आतंकवादियों को वहां से बाहर भेज दिया गया था। कार्रवाई के बाद बचे आतंकवादियों को निर्देश दिए गए हैं कि फिलहाल अगले आदेश तक वे आबादी वाले इलाकों में या अपने घरों पर रहे।

रिपोर्ट के मुताबिक आतंक के तीन बड़े चेहरों मसूद अजहर, हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन समेत अनेक बड़े आतंकवादी कमांडरों को पाकिस्तानी सेना के चार अलग-अलग हेडक्वाटर्स में शिफ्ट किया गया है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक आतंक के इन चेहरों को पाकिस्तान सेना के चौथी कोर लाहौर, पांचवी कोर के करांची, दसवीं कोर के रावलपिंडी और 11वीं कोर के पेशावर हेडक्वार्टर में शिफ्ट किया गया है, उनकी सुरक्षा के लिए पाकिस्तानी कमांडो लगाए गए हैं, साथ ही उनसे आम आदमी के मिलने पर भी रोक है।

पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी के लिए अब आतंकवादियों के नए ठिकाने तैयार करना भी आसान नहीं होगा।

# तेलंगाना में नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, तीन पुलिसकर्मी शहीद

**मुलुगु, (ईएमएस)।** तेलंगाना के मुलुगु जिले में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है, जिसमें तीन पुलिसकर्मियों के शहीद होने की खबर सामने आ रही है, जिस इलाके में यह ब्लास्ट हुआ है, वह छत्तीसगढ़ के सुकमा बॉर्डर से लगा है। नक्सलियों ने पुलिस को निशाना बनाकर विस्फोट किया, जिसमें तेलंगाना के तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए। यह घटना तब घटी जब पुलिस रूटीम कॉम्बिंग कर रही थी, इसी दौरान नक्सलियों ने ब्लास्ट कर दिया।

बता दें इससे पहले छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के बीजापुर जिले के जंगलों में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। इस दौरान जवानों ने 22 से ज्यादा



नक्सलियों को ढेर कर दिया था। इस बात की जानकारी एक अधिकारी ने मीडिया को दी थी। अधिकारी ने बताया था कि अंतरराज्यीय सीमा पर कर्रेगुट्टा पहाड़ियों के जंगल में बुधवार सुबह गोलीबारी हुई थी।

इस कार्रवाई में अब तक 22 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। यह कार्रवाई बस्तर क्षेत्र में शुरू की गई सबसे बड़ी नक्सल विरोधी कार्रवाइयों में से एक है।

# पीएम मोदी के फैन हुए शशि थरूर

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरुर आजकल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करने का कोई मौका छोड़ने नहीं हैं। उन्होंने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की लेकर भारतीय सेना की जमकर तारीफ की और पीएम नरेंद्र मोदी की भी सराहना की। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से न्याय का वादा किया था। सरकार ने सेनाओं को फ्रीहैंड दिया और 15 दिन के अंदर ही भारतीय सेना ने एयरस्ट्राइक कर दी। राजनीति में धुर विरोधी शशि थरूर ने भी भारतीय सेना और सरकार दोनों की तारीफ की है। पाकिस्तान और पीओके में भारतीय सेना की एयरस्ट्राइक को लेकर उन्होंने कहा कि यह बहुत ही सधा हुआ और तैयारी के साथ हुई कार्रवाई है। यूएन में भारत के डिप्लोमैट रह चुके शशि थरूर ने कहा कि पहलगाम में आतंकी साजिश रचने वाले पाकिस्तान को भारत ने साफ संदेश दे दिया है।




*न्यूयार्क में प्रदर्शन कर रहे फिलिस्तीन समर्थकों को हिरासत में लेकर बसों में ले जाने का प्रयास करते हुए सुरक्षा अधिकारी।*

*(फोटो- ईएमएस)*

### 20वीं भारत-ईरान संयुक्त आयोग बैठक की करेंगे सह-अध्यक्षता

# भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच ईरानी विदेश मंत्री आए दिल्ली

**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने एयर स्ट्राइक कर बदला लेने के बाद भारत और पाकिस्तामन के बीच तनाव और बढ़ गया है। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची नई दिल्ली पहुंच गए हैं। वह 20वीं भारत-ईरान संयुक्त आयोग बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची का भारत दौरा रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से हो रहा है। दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देश भारत-ईरान मैत्री



संधि की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

विदेश मंत्रालय की ओर से ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची का स्वागत किया गया। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत-ईरान संयुक्त आयोग की बैठक के लिए नई दिल्ली पहुंचने पर विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भारत-ईरान मैत्री संधि की 75वीं वर्षगांठ पर यह द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने और उसे बढ़ाने का अवसर है। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में आयोजित इस बैठक में व्यापार, ऊर्जा, संपर्क और क्षेत्रीय सहयोग पर व्यापक चर्चा होगी। अगस्त 2024 में पदभार ग्रहण करने के बाद अराघची की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक संयुक्त आयोग की बैठक में दोनों देशों के बीच आपसी हितों के मुद्दों और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए आगे के रास्ते की समीक्षा होगी।

### दिल्ली पहुंचे सऊदी अरब के मंत्री

सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री आदिल अल-जुबैर पूर्व घोषित यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे और भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव की पृष्ठभूमि में गुरुवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। सऊदी अरब के जलवायु दूत भारतीय मंत्री के बीच बैठक के बारे में एकमात्र जानकारी जयशंकर ने पोस्ट के माध्यम से दी। उन्होंने कहा कि गुरुवार सुबह सऊदी अरब के विदेश मामलों के राज्य मंत्री आदिल अल-जुबैर के साथ अच्छी बैठक हुई। जयशंकर ने भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ स्थानों पर आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर किए गए सैन्य हमलों का जिक्र करते हुए कहा, "हमने आतंकवाद का दृढ़ता से मुकाबला करने पर भारत के दृष्टिकोण को साझा किया। सऊदी मंत्री की जयशंकर के साथ बैठक ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के नई दिल्ली आने के कुछ घंटों बाद हुई, जो जयशंकर के साथ द्विपक्षीय संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए पहले से तय यात्रा पर थे।

# बलूच विद्रोहियों ने पाकिस्तानी सेना के वाहन को बम से उड़ाया, 12 सैनिकों की मौत

**क्वेटा (ईएमएस)।** पाकिस्तानी सेना और वहां की सरकार के खिलाफ बलूचों में जबरदस्त गुस्सा है। वे लगातार अपनी आवाज उठा रहे हैं और पाकिस्तानी सेना उनकी आवाज को दवाने का काम कर रही है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के विद्रोहियों ने बोलन घाटी में पाकिस्तानी सैनिकों से भरे एक वाहन को रिमोट बम से उड़ा दिया। इस धमाके में वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी 12 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। इसके अलावा बलूच विद्रोहियों ने पाकिस्तान के बम निरोधी दस्ते को टारगेट करते हुए एक आईईडी ब्लास्ट



भी किया, जिसमें दो सैनिक मारे गए हैं। इस तरह बलूचों के हमले में एक दिन के अंदर 14 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है। भारत से सीमा पर पैदा हुए तनाव और एयरस्ट्राइक के बीच पाक को यह करारा झटका लगा है।

पाकिस्तान के बम निरोधी दस्ते को टारगेट करते हुए एक आईईडी ब्लास्ट भी किया, जिसमें दो सैनिक मारे गए हैं। इस तरह बलूचों के हमले में एक दिन के अंदर 14 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है। भारत से सीमा पर पैदा हुए तनाव और एयरस्ट्राइक के बीच पाक को यह करारा झटका लगा है। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत का रुख पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक है। भारत ने मंगलवार और बुधवार की रात को जोरदार एयर स्ट्राइक पीओके के अलावा पाकिस्तान तक के अंदर घुसकर की हैं। इन हवाई हमलों में करीब 90 आतंकियों के मारे जाने की खबर है। यही नहीं मुरीदके से लेकर बहावलपुर तक लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने ध्वस्त किए गए हैं।

## बार, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों पर आबकारी की रेड

**भोपाल(ईएमएस)।** राजधानी में बार, होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों के देर रात तक खुले रहने और अवैध रुप से शराब परोसे जाने की शिकायतो के बीच बुधवार देर रात आबकारी विभाग की 4 टीमो ने एक दर्जन से अधिक स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान यहां अवैध शराब का स्टॉक करने के साथ ग्राहकों को भी परोसना की बात सामने आई।

## बेकाबू बाइक खंती में गिरने से घायल युवक ने भी दम तोड़ा

**भोपाल(ईएमएस)।** नजीराबाद थाना इलाके में अचानक बेकाबू बाइक खंती में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं उसके साथ मौजूद दोस्त घायल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम सुठालिया जिला राजगढ़ का रहने वाला गोलू कुशवाह पुत्र काशीराम कुशवाह (24) बीती रात अपने दोस्त घनश्याम कुशवाह पुत्र गोपाल कुशवाह (25) निवासी मधुसूदनगढ़ जिला गुना के साथ नजीराबाद स्थित ग्राम कढैया कला में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने आया था।

### फटाफट खबरें

## हमीदिया अस्पताल से फरार हुआ कैदी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल हमीदिया अस्पताल से कुख्यात कैदी हथकड़ी समेत फरार हो गया है। आरोपी रेप और पॉक्सो केस में जेल भेजा गया था। कोर्ट ने उसे मरते दम तक कैद में रहने की सजा सुनाई थी। इस घटना से पुलिस विभाग में हडक़ंप मच गया है। दरअसल, आरोपी अमर उर्फ गुड्डू को आखों के चेकअप के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था। इस दौरान एसआई दिनेश कुमार को चकमा देकर हथकड़ी समेत वह भाग निकला। आरोपी शांति नगर का निवासी था। बता दें कि एएसआई दिनेश की कस्टडी से पहले भी कैदी भाग चुका है। जिसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया था। लेकिन बहाल होते ही उसे दोबारा उसी काम पर लगा दिया गया। आरोपी को पकडऩे के लिए पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में छापेमारी की। आरोपी के शांति नगर स्थित घर और अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी गई लेकिन अब तक कोई कामयाबी नहीं मिली है।

## पिस्टल, कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**भोपाल(ईएमएस)।** राजधानी की क्राइम ब्रांच टीम ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि स्लाटर हाउस के पास निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन के पास एक युवक जानलेवा हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची क्राइम ब्रांच टीम ने घेराबंदी कर संदेही युवक को दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान आसिफ खान (26) निवासी हिनौतिया काछियान थाना स्टेशन बजरिया के रुप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस रखे मिले। पुलिस ने हथियार जप्त कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पकड़ाया गया आरोपी अशोका गार्डन थाने में दर्ज एक मामले में भी फरार चल रहा था। पुलिस उससे आगे की पूछताछ कर रही है।


## टक्कर से पुलिसकर्मी का बेटा गंभीर घायल

**भोपाल(ईएमएस)।** चुनाभट्टी इलाके में ट्रक के चालक की टक्कर से दो पहिया वाहन सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कमला नगर थाना इलाके में भदभदा के पास वायरलेस कॉलोनी में रहने वाले चंद्रभान अहिरवार (47) पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। बीती 2-3 मई की देर रात करीब 3 बजे उनका बेटा हरिवंश अहिरवार दोस्त के पास रखा अपना दो पहिया वाहन लेकर घर लौट रहा था। चुनाभट्टी चौराहे के पास ट्रक ने उसके वाहन को टक्कर मार दी, हादसे में उसके कुल्हे और जांघ की हड्डी टूट गई थी। सूचना मिलने पर पहुंचे पिता ने उसे इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे और प्राथमिक उपचार के बाद हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बीते दिन युवक के पिता ने थाने जाकर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### मप्र में बिछेगा फ्लाईओवर का जाल

# 10 हजार करोड़ की योजना पर हो रहा काम

**भोपाल, ईएमएस।**



मप्र के लोक निर्माण विभाग ने लोक निर्माण से लोक कल्याण का नारा दिया है। इसके अंतर्गत मप्र को प्रगति के पथ पर बढ़ाने के लिए विभाग ने सड़क निर्माण में आधुनिक तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, लोकपथ ऐप और गुणवत्ता नियंत्रण से राज्य का बुनियादी ढांचा ही बदल दिया है। प्रदेश में अधोसंरचना विकास अब केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि यह समग्र सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी परिवर्तन का माध्यम बन चुका है। लोक निर्माण विभाग का नेटवर्क प्रदेश के गांवों, शहरों, कृषि क्षेत्रों और औद्योगिक केंद्रों को एकसूत्र में पिरोने का काम कर रहा है। इसी कड़ी में सरकार ने 10 हजार करोड़ में 474 पुल और फ्लाईओवर बनाने का काम शुरू कर दिया है।

मप्र में मौजूदा दौर में लोक निर्माण विभाग के अधीन 80,775 किमी लंबा सड़क का नेटवर्क क्रियाशील है। जिसमें 9,315 किलोमीटर नेशनल हाइवे, 11,389 किमी स्टेट हाईवे, 25,639 किमी मुख्य जिला सड़क और 34,432 किलोमीटर दूसरे जिले की सड़कें शामिल हैं। इन सड़कों का यह नेटवर्क मप्र के गांवों, कस्बों और नगरों के साथ कृषि क्षेत्रों के साथ ही औद्योगिक केंद्रों को एकसूत्र में पिरोने का काम कर रहा है। पिछले 14 महीनों की बात करें तो इस अवधि के दौरान 6,400 करोड़ रुपये की लागत से करीब 5,500 किमी की लंबी सड़कों का निर्माण और मजबूतीकरण किया गया। 345 करोड़ रुपये की लागत से 1,500 किमी का डामरीकरण और 2 हजार करोड़ रुपये से 110 पुलों और एलिवेटेड कॉरिडोर का प्रदेश में निर्माण किया गया है। मौजूदा दौर में 22,500 करोड़ रुपये लागत की 10 हजार किमी सड़कों और 10 हजार 463 करोड़ रुपये से 474 पुलों और फ्लाईओवरों पर काम तेजी से प्रगति पर है।

**जबलपुर, भोपाल एवं इंदौर में एलिवेटेड कॉरिडोर:** मप्र सरकार की ओर से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे प्रमुख शहरों में एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही नर्मदा प्रगतिपथ के साथ ही विंध्य एक्सप्रेस-वे, मालवा और निमाड़ कॉरिडोर के साथ अटल प्रगतिपथ ही नहीं बुंदेलखंड और मध्य भारत विकास पथ जैसी आधा दर्जन प्रमुख परियोजनाओं को प्रारंभ किया गया है। यह सड़कें मप्र के दूरस्थ अंचलों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेंगी। मप्र में करीब सभी राष्ट्रीय राजमार्ग को फोर लेन में बदला जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक चार हजार 740 किमी लंबी सड़कों को फोर लेन में बदल दिया गया है। बाकी बची करीब 3,050 किलोमीटर नेशनल हाईवे को भी फोरलेन करने का काम तेजी से जारी है। प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को सरकर मजबूत करने में जुटी है। सड़कों का उन्नयन और चौड़ीकरण हो रहा है। पुल और फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। नई कार्ययोजना में लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश में 10 हजार करोड़ से अधिक की लागत से 474 पुल और फ्लाईओवर निर्माण का काम शुरू कर दिया है। ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया जाना है। इसके लिए भी लोक निर्माण विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश में छह साल में 234 पुल और फ्लाईओवर बनकर तैयार हो चुके हैं। पिछले साल 42 पुल बने हैं। हालांकि लक्ष्य 75 पुल और फ्लाई ओवर बनाने का था। प्रदेश की सड़कों के उन्नयन और चौड़ीकरण काम मप्र सड़क विकास निगम द्वारा किया जा रहा है।

### जिले और गांवों की 1711 सड़कों का निर्माण

नाबार्ड योजना के तहत जिले और गांवों की 1711 सड़कों का निर्माण किया जाना है। इसके लिए 4559.88 करोड एवं 425 पुल निर्माण के लिए 1157.97 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया है। योजनांतर्गत 18742.02 किलोमीटर सडक़ों का निर्माण किया जाना है। विभिन्न चरणों में स्वीकृत कार्यों में से 1628 सडक़ कार्य एवं 407 पुल के काम हो चुके हैं। इसके अलावा विभाग ने 6309.03 करोड़ के प्रतिपूर्ति दावे नाबार्ड को प्रस्तुत किए गए हैं, जिनके विरुद्ध 4976.85 करोड़ की राशि नाबार्ड द्वारा प्रतिपूर्ति भी कर दी गई है। जिला योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-2025 में 5794.65 करोड़ आवंटन के विरुद्ध 3429 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। केंद्रीय सडक़ निधि से प्रदेश की सडक़ों का निर्माण हो रहा है। इसके तहत वर्ष 2000-2001 से वर्ष 2024-25 तक 8437 किमी लंबाई की सडक़ो का निर्माण और उन्नयन किया जा रहा है। इसके लिए 12056.15 करोड़ की स्वीकृति मिली है। स्वीकृत कार्यों में से 358 काम पूरे भी हो चुके है। इन सडक़ों के निर्माण में 7953.69 करोड़ का व्यय किया गया है। शेष 55 कार्यों में से 3 कार्य लंबाई 71.60 किमी लागत 171.72 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति निरस्त हो चुकी है। इससे ये निर्माण कार्य फिलहाल लंबित है।

# पानी, सडक़-स्ट्रीट लाइट नहीं, आंदोलन की चेतावनी

### 63 साल में सुविधाएं नहीं मिली



**भोपाल, ईएमएस।** भोपाल के पटेल नगर के लोगों ने पानी, सडक़ और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ये कॉलोनी 63 साल पहले साल 1962 में बसाया गया था। वर्तमान में यहां 5 हजार से अधिक लोग रह रहे हैं। पटेल नगर 90 एकड़ में ए से एफ-6 सेक्टर तक बसा है। रायसेन रोड पर होने के बावजूद कॉलोनी के लोग पानी, सडक़, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि कॉलोनी की टूटी-फूटी सडक़ों पर धूल उड़ रही है। उजड़े पार्कों में अब असामाजिक तत्वों का कब्जा है। कॉलोनाइजर ने विकास कार्यों की अनदेखी ही नहीं की, बल्कि कॉलोनी के लिए छोड़ी गई सुविधाओं की भूमि को भी बेचा जा रहा है। रहवासियों ने 14 महीने पहले एक रहवासी संस्था का गठन किया था, लेकिन संस्था के चुनाव नहीं होने दिए जा रहे हैं। इसे लेकर मंत्री, विधायक और विभागीय अधिकारियों से शिकायतें की जा चुकी है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि पटेल नगर के रहवासी अब जाग चुके हैं। अब न झूठे वादे चलेंगे और न बहाने। अपने हक के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उपाध्यक्ष मनीष उपाध्याय, वरिष्ठ सदस्य जीपी मिश्रा, रमेशकुमार तिवारी ने बताया कि सुविधाओं के लिए आंदोलन करने की रणनीति बना रहे हैं। इसके लिए बैठकों का दौर भी जारी है। रहवासी चित्रा झा ने बताया कि धूल भरी सडक़ों पर बच्चों और बुजुर्गों का निकलना मुश्किल हो गया है। पानी की सुविधा भी नहीं है। ऐसे में परेशान हो रहे हैं। अंजू आचार्य का कहना है कि उजड़े पार्कों और अंधेरी गलियों में रात के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है।

# श्रीलंका चाहता है मध्यप्रदेश से पर्यटक

**श्रीलंका टूरिज्म प्रमोशन ब्यूरो ने एमपी चेप्टर की टीम को बुलाया श्रीलंका**

**भोपाल, ईएमएस।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में पिछले कुछ सालों में अपनी खास पहचान बना चुका श्रीलंका मध्यप्रदेश के पर्यटकों को आकर्षित करना चाहता है। इसके लिए श्रीलंका टूरिज्म प्रमोशन ब्यूरो (एसएलटीपीबी) द्वारा पहली बार ट्रेवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टाफी) के एमपी चेप्टर के ट्रेवल एजेंट्स को श्रीलंका बुलाया और वहां की खास जगहों पर घुमाया, ताकि वे पर्यटकों को इसकी बेहतर जानकारी दे सकें। खास बात यह है कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी देश के टूरिज्म डिपार्टमेंट या टूरिज्म प्रमोशन ब्यूरो द्वारा किसी अन्य देश के किसी प्रदेश के संगठन को इस तरह से आमंत्रित किया हो। आमतौर पर ऐसे मामलों में राष्ट्रीय संगठन को भी बुलाया जाता है। इस टूर में टाफी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल कलसी सहित मध्यप्रदेश के 17 ट्रेवल एजेंट्स शामिल थे। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय यात्रियों के लिए श्रीलंका को एक प्रमुख आउटबाउंड गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना और रामायण ट्रेल पर विशेष जोर देते हुए पर्यटन की संभावनाओं को पेश करना था।

### रामायण से जुड़े स्थानों को लेकर बढ़ रहा उत्साह

टाफी के प्रदेश सचिव अमोल कटारिया ने बताया कि यह यात्रा विशेष रूप से भारतीय ट्रेवल एजेंटों को रामायण ट्रेल का प्रत्यक्ष अनुभव देने के लिए आयोजित की गई थी। पिछले कुछ समय से पर्यटक रामायण से जुड़े स्थानों पर जाने को लेकर काफी उत्साहित हैं। ऐसे में अगर एजेंट्स ऐसे स्थानों पर जाकर अनुभव लेते हैं तो उनके लिए पर्यटकों को यात्रा की जानकारी देना और टूर तैयार करना आसान हो जाता है।

# बिजली कंपनियों में 20 हजार पदों पर होगी भर्ती

### बिजली विभाग में खुलेगा नौकरी का पिटारा

**भोपाल, ईएमएस।** बिजली विभाग में अधिकारियों-कर्मचारियों की कमी का खामियाजा तीनों बिजली कंपनियों के साथ ही उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। इसको देखते हुए सरकार ने बिजली विभाग में नई भर्तियां करने का निर्णय लिया है। मप्र की मध्य, पूर्व व पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनियों को 20 हजार से अधिक नए पद मिलेंगे। ऊर्जा विभाग ने इसका खांका खींच लिया है। इंतजार है तो बस कैबिनेट से मंजूरी मिलने का। इसके बाद इन पदों पर भर्तियां शुरू होंगी। इसका सीधा फायदा 1.80 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को होगा। इन अधिकारी, कर्मचारी की भर्तियां होने के बाद बिजली कटौती व बिलों में गड़बड़ी जैसी शिकायतों की सुनवाई में तेजी आएगी।



गौरतलब है कि कंपनियों को ये पद करीब 40 साल बाद मिलने जा रहे हैं, जो युवाओं को रोजगार देने में भी मदद करेंगे। प्रदेश में अभी 100 यूनिट में से करीब 27 यूनिट बिजली चोरी हो जाती है। इसी में कुछ यूनिट बिजली तकनीकी लॉस में बर्बाद हो रही है। जिसकी कई वजहों में से एक मैदान में पर्याप्त सक्षम और नियमित अधिकारी, कर्मचारियों का नहीं होना भी है। वर्तमान में प्रदेश की बिजली व्यवस्था 3 कंपनियां संभाल रही हैं। इनमें करीब 1.80 करोड़ बिजली उपभोक्ता है, इनमें से 1.25 करोड़ घरेलू उपभोक्ता हैं। कंपनियों को हर महीने करीब 5 हजार करोड़ का राजस्व मिलता है, जिसमें 3 हजार करोड़ आम उपभोक्ता देते हैं और 2 हजार करोड़ रुपए सरकार की सब्सिडी होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन उपभोक्ताओं की कई समस्याएं और काम होते हैं, जो कम से कम समय में पूरे नहीं होते।

**नए ओएस सेटअप का खींचा खांका:** सूत्रों के मुताबिक यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संज्ञान में आई तो उन्होंने कहा कि जब उपभोक्ता बढ़ रहे हैं तो अधिकारी, कर्मचारियों की संख्या भी उसी अनुपात में बढऩी चाहिए, इसमें कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद ही ऊर्जा विभाग ने नए ओएस सेटअप का खांका खींचा है। प्रदेश में 1956 से मप्र विद्युत मंडल बिजली वितरण से जुड़े काम देख रहा था। 2000 में जब छत्तीसगढ़ अलग हुआ तो राज्य विद्युत मंडल अस्तित्व में आया। क्षेत्रफल की दृष्टि से बिजली आपूर्ति व्यवस्था के लिए तत्कालीन सरकार ने जून 2002 में बिजली कंपनियों का गठन किया और जुलाई 2005 में इन कंपनियों ने पूरी तरह काम संभाला। तब ऑर्गनाइजेशन स्ट्रक्चर (ओएस) बने और उसी में स्वीकृत पद पहले दोनों प्रदेशों में फिर मप्र की बिजली कंपनियों में विभाजित किए गए। बिजली कर्मियों को भविष्य निधि खाते की बकाया राशि ब्याज के साथ मिलेगी। यह ब्याज दरें तय कर दी हैं। मध्यप्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी भविष्य निधि न्यास के वित्तीय वर्ष 2024-25 में सेवारत, दिवंगत व सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों के भविष्य निधि खाते की शेष राशि पर 9.50 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से भुगतान किया जाएगा।

# विश्व रेडक्रास दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**भोपाल (ईएमएस)।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी म.प्र. राज्य शाखा, शिवाजी नगर भोपाल के द्वारा संचालित ब्लड बैंक में विश्व रेडक्रास दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ रेडक्रास के जनरल सेक्रेटरी रामेन्द्र सिंह, चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. डी.पी. अग्रवाल, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर जनरल सेक्रेटरी रामेन्द्र सिंह द्वारा रेडक्रास प्रांगण में स्थापित सर हेनरी ड्यूनॉट की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी राष्ट्रीय मुख्यालय से जारी थीम ''मानवता के पक्ष में'' के संबंध में उपस्थित रेडक्रास के चिकित्सक एवं स्टॉफ को संबोधित किया। जनरल सेक्रेटरी द्वारा रेडक्रास के 7 सिद्वांतों मानवता, तटस्थता, निष्पक्षता, स्वतंत्रता, स्वप्रेरित सेवा, एकता, सर्वभौमिकता के संबंध में विस्तार पूर्व समझाया। उन्होंने




बताया कि रेडक्रास एक सेवा भावी संस्था है ज्यादातर आपदा के समय घायलों की मदद करती है एवं उनके जीवन को बचाती है। जनरल सेक्रेटरी ने उपस्थित सभी चिकित्सक एवं स्टॉफ से अपील की और कहा कि रेडक्रास के 7 सिद्वांतों का पालन करते हुए थीम ''मानवता के पक्ष में'' कार्य करें। जनरल सेक्रेटरी द्वारा बताया कि रेडक्रास ब्लड बैंक में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 37 व्यक्तियों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें 25 व्यक्तियों ने ''मानवता के पक्ष में'' रक्तदान किया। रेडक्रास ऐसे मानवता के कार्य करने वाले का लोगों को स्वस्थ जीवन की शुभकामना देती है।

# अशुद्ध खानपान से स्वास्थ्य भी बिगड़ा तथा धर्म से भी भृष्ट हो गए' - मुनि श्री संघान सागर महाराज

**भोपाल (ईएमएस)।** राजधानी के अवधपुरी में विद्यासागर प्रवंध संस्थान संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य शंकासमाधान प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने कहा कि ÷खेती बाड़ी है, भारत की मर्यादा साड़ी है÷ ÷भारत को शक्तिशाली बनाना है,तो लौट चलो उस भारत की ओर।

उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश रहा है, 70त्न भूमि कृषि पर आधारित है,नये नये उद्योग खुले और नये नये अविष्कार भी हुये हैं। भारत की उन्नति तो हुई है लेकिन जो शुद्ध और स्वास्थ्य वर्धक खानपान था उसके स्थान पर पैकैट वाले अशुद्ध खाद्यान्नों ने ले लिया, जिससे व्यक्ति का स्वास्थ भी



विगड़ा और वह धर्म से भी भृष्ट हो गये÷। मुनि श्री ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया और दूसरा सुख घर में हो ÷माया÷ को प्राथमिकता दे दी उस ÷माया÷ के कारण किसी के पास इतना समय ही नहीं बचा कि ÷शुद्ध भोजन÷ बनाये तथाअपने परिवार के स्वास्थ्य का ख्याल रख सके। समयाभाव के कारण पैकैट फूड का प्रचलन बड़ा और बीमारियों को भी आमंत्रण मिल गया,पहले हर मौहल्ले में एक किराने की दुकान अवश्य हुआ करती थी, लेकिन आजकल मेडिकल शाप आवश्यक हो गयी है। मुनि श्री ने कहा फास्टफूड के आने से मनुष्य की रोग प्रतिरोधक क्षमता घट गयी, पहले के लोग मौटा पहनते थे और मौटा खाते थे और 100 वर्ष से अधिक जीते थे। आजकल पतला पहनते और फास्टफूड तथा होटल में जाकर अशुद्ध भोजन करते हैं इस कारण मनुष्य की आयु भी क्षींण हो गयी है। मुनि श्री ने कहा कि लोगों ने धन तो बहुत कमाया है,लेकिन अपने स्वास्थ को गंवाया है,उन्होंने पांच प्रकार के सफेद जहर का वर्णन करते हुये कहा कि उपरोक्त कारणों से व्यक्ति का स्वास्थ्य विगड़ा है इन सभी चीजों से बचना चाहिए मुनि श्री ने कहा कि अस्पताल तो नरक का द्वार है। सही दिशा में एक कदम भी चलोगे तो आप मंजिल के करीब होगे, हमेशा यह भावना होना चाहिये कि ÷जब भी मेरा अंत हो तो अस्पताल में न ले जाकर किसी संत के चरणों में ले जाना जिससे सही से समाधिमरण कर मुक्ति को प्राप्त कर सके।

प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया मुनि श्री के प्रतिदिन प्रातःकाल8¬35 से दिव्य प्रवचन माला चल रही है। जिसमें बड़ी संख्या में धर्म श्रद्धालु लाभ ले रहे है उपरोक्त कार्यक्रम का प्रसारण लाईव होता है जिसका लाभ संपूर्ण भारत के धर्मश्रद्धालु उठा रहे है।

### साउथ ईस्टर्न अफ्रीका से मध्य प्रदेश आई आफत

# फसलों पर पेंटेड बग का आतंक 70% फसलों को करता प्रभावित

**भोपाल, ईएमएस।** खेती करना अब किसानों के लिए भी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है, अत्याधुनिक खेती के साथ नए-नए कीट भी नई समस्याओं को जन्म दे रहे हैं। और अगर समय से इन कीटों की पहचान किसान नहीं कर पाता, तो फिर पूरी फसल ही तबाह हो जाती है। फसलों पर आतंक के ताजा मामले में पेंटेड बग का नाम सामने आया है। ये खतरनाक कीट दक्षिण पूर्वी अफ्रीका से आया है और इससे बचाव करना बेहद जरूरी है। गर्मियों के मौसम में मक्का, बरबटी आदि फसलों में कहीं-कहीं एक कीट का प्रकोप देखने को मिल रहा है, जो इन फसलों की पत्तियों के पूरे रस को चूस ले रहे है। इसके कुछ दिनों बाद ही इनके पौधे सूखने



लगते हैं। बरबटी की फसल में तो ये पत्तियों के साथ-साथ उनके फलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति बताते हैं कि इस कीट को पेंटेड बग कीट के नाम से जाना जाता है, जो कई फसलों के लिए खतरनाक होता है। ये बहुत नुकसान पहुंचाने वाला होता है।

**क्या होता है ये पेंटेड बग कीट?:** इस पेंटेड बग कीट को लेकर कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर बीके प्रजापति कहते हैं कि इस कीट का ओरिजिन प्लेस साउथ ईस्टर्न अफ्रीका है, और वहां से श्रीलंका, भारत, म्यांमार, ईस्ट अफ्रीकन देशों में इसका प्रसार प्रसार हुआ है। ये कीट पत्तियों की सतह पर, पत्तियों की निचली सतह पर या भूमि पर एक समूह में अंडे देते हैं, और समूह में अंडों की संख्या लगभग 100 तक हो सकती है। अगर पेंटेड बग कीट के जीवन चक्र की बात करें तो 19 से लेकर के 54 दिनों का इसका जीवन काल होता है।

**पेंटेड बग है एक रस चूसक कीट:** कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि पेंटेड बग कीट एक रस चूसक कीट है। ये फली के दाने का रस चूसते हैं, पत्तियों का रस चूसते हैं। जैसे वर्तमान में कई जगहों पर बरबटी की फसल में देखने को मिल रहा है, दाने हैं वो सिकुड़ जाएंगे उनकी गुणवत्ता प्रभावित होगी उसका रंग बदल जाएगा या फसल पूरी तरह खराब हो जाती है। कृषि वैज्ञानिक आगे कहते हैं कि ये मुख्य रूप से फसलों में 70 प्रतिशत तक उत्पादन को प्रभावित कर सकता है, अगर ये बीज अंकुरण की अवस्था में है तब और अगर पेंटेड बग कीट फल बनने की अवस्था में है तो लगभग 30 प्रतिशत तक पौधे को नुकसान पहुंचा सकता है।

**किस तरह के फसलों को करता है प्रभावित:** कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर बीके प्रजापति बताते हैं कि पेंटेड बग कीट मुख्य रूप से सरसों की फसल में लगने वाला कीट है, और ये कॉफी, फूल गोभी, पत्ता गोभी जैसे सब्जियों की फसल में भी लगता है।

### पेंटेड बग से कैसे बचाव करें

कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि पेंटेड बग कीट से निजात पाने के लिए किसान को समय से फसलों का उपचार करना चाहिए, पहले तो इसकी समय से पहचान करें। अगर जैविक तरीके से नियंत्रण करना चाहते हैं तो 50 एम एल नीम तेल प्रति टंकी के हिसाब से फसलों पर छिडक़ाव करें। प्राकृतिक खेती करते हैं और उस तरह से इसका नियंत्रण करना चाहते हैं तो निमास्त्र बना लें और 100 लीटर पानी में 10 लीटर निमास्त्र मिलाकर लगभग आधे एकड़ खेत में छिडक़ाव कर सकते हैं। इसके अलावा अगर रासायनिक तरीके से इसको नियंत्रित करना चाहते हैं तो जो रासायनिक कीटनाशक होते हैं, जैसे फिनॉल फॉस उसकी 45 एमएल मात्रा प्रति टंकी में मिलाकर के छिडक़ाव कर सकते हैं।

# बिना सर्जरी पुरुषों की यौन समस्याओं का इलाज संभव

**भोपाल, ईएमएस।** पुरुषों में यौन दुर्बलता और संबंधित अंग संबंधी बीमारियों के इलाज में अब एक नई, वैज्ञानिक और गैर पारंपरिक तकनीक सामने आई है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल में पुरुषों की यौन स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए लो-इंटेंसिटी एक्स्ट्रा कॉर्पोरियल शॉकवेव थेरेपी को प्रयोग में लाया जा रहा है। यह तकनीक न केवल गैर सर्जिकल है, बल्कि इसके परिणाम भी अच्छे आ रहे हैं। यह जानकारी एम्स भोपाल के यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. केतन मेहरा ने एक हालिया चिकित्सा संवाद में दी। उन्होंने बताया कि अब तक दवाओं और सर्जरी पर निर्भर रहे पुरुषों के लिए यह थेरेपी एक बिना दर्द, बिना खतरे और बिना दवा वाला विकल्प बन रही है। शॉकवेव थेरेपी मूल रूप से किडनी स्टोन (पथरी) तोडऩे के लिए विकसित की गई थी। इसमें शरीर के बाहरी हिस्से से विशेष तरंगें (शॉकवेव) भेजी जाती हैं जो अंदर जाकर कोशिकाओं को उत्तेजित करती हैं। लो इंटेंसिटी शॉकवेव थेरेपी में बेहद हल्की तीव्रता की तरंगें संबंधित अंग की रक्त वाहिकाओं (नस) और टिशु पर असर डालती हैं। यह तरंगें शरीर में नई रक्त नलिकाओं (नसों) का निर्माण।

### 9 मई को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक

**खरगोन, ईएमएस।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक खरगोन-बड़वानी क्षेत्र के सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में 09 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल भी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में जिले के सभी विधायक, नगरीय निकायों के अध्यक्ष, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।



### आपदा प्रबंधन के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बुरहानपुर, ईएमएस।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार रेडक्रॉस सोसायटी बुरहानपुर में आपदा प्रबंधन के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेण्ट श्रीमति मीनाक्षी चौहान के मार्गदर्शन में प्लाटून कमाण्डर श्री जितेन्द्र सिंह तोमर एवं एसडीईआरएफ की टीम द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को आपदा के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां एवं जरूरी बातें बतलाई गयी।



## संपादकीय

# भारत की मिसाइलों का सटीक निशाना, चीन के सुरक्षा तंत्र की खुली पोल

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर भारतीय सीमा में रहते हुए जो मिसाइल स्ट्राइक की है उसने पाकिस्तान में तैनात एचक्यू-9 मिसाइल की विफलता को उजागर कर दिया है। चीन और पाक द्वारा जो दावे किए जा रहे थे उसकी पोल खुल गई है। भारत ने हाल ही में सिंदूर ऑपरेशन के जरिए आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल अटैक कर पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों को करारा जबाव दिया है। यह हमला मंगलवार की देर रात करीब 1ः45 बजे किया गया था। मात्र 7 मिनट के इस हमले में ब्राह्मोस सहित अत्याधुनिक मिसाइलों और हथगोलों का इस्तेमाल भारतीय सेना द्वारा किया गया। भारत ने इस हमले में सुनिश्चित किया था। पाकिस्तान का कोई भी नागरिक ठिकाना या बुनियादी ढांचा क्षतिग्रस्त ना हो। भारत की सैन्य नैतिकता और सामरिक सूझ-बूझ का परिचय मिलता है। पाकिस्तान और चीन की तरफ से बार-बार दावा किया जाता रहा है। एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम दुनिया के बेहतरीन सुरक्षा कवचों में एक है। यह सिस्टम अभी तक कहीं उपयोग नहीं हुआ था। चीन का दावा था, उसका यह सिस्टम अमेरिका के पेट्रियट, इजराइल के आयरन डोम और रूस के एस-400 से बेहतर है। भारतीय सेना की मिसाइलों ने चीन की इस तथाकथित अभेद्य रक्षा प्रणाली को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया, जिसके कारण चीन की पोल खुल गई है। पाकिस्तान भी हैरान और परेशान है, चीन से उसने सबसे ज्यादा रक्षा सामग्री एवं सैन्य उपकरण खरीदे हैं। भारत की सेना द्वारा जिस तरह की रक्षा प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है उसको देखते हुए पाकिस्तान अब यह नहीं समझ पा रहा है, कि वह भारत का मुकाबला किस तरह से करेगा। चीन द्वारा पाकिस्तान को सौंपा गया यह सिस्टम एक भी भारतीय मिसाइल को इंटरसेप्ट नहीं कर पाया। पाकिस्तान की सेना और वायुसेना पूरी तरह अलर्ट मोड पर थीं। इस असफलता ने चीन की रक्षा तकनीक और उपायों की वास्तविकता उजागर कर दी है। भारत ने बिना हवाई हमले और बमवर्षक विमानों का प्रयोग किये बिना ही यह दिखा दिया है। आधुनिक युद्ध केवल सैनिकों की संख्या से नहीं, बल्कि रणनीति, तकनीक और संयम से जीते जा सकते हैं। भारतीय सेना ने इस अभियान में न केवल तीनों सेनाओं की एकजुटता, भारतीय सेना का सैन्य कौशल दिखाया, वरन यह भी साबित कर दिया, कि भारत अब केवल जुबानी प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं रहा। आवश्यकता पड़ने पर भारत निर्णायक कार्रवाई करने वाला राष्ट्र बन चुका है। जो दुश्मन के घर जाकर सटीक निशाना साधकर अपने दुश्मनों से बदला ले सकता है। इस घटनाक्रम से सैन्य विश्वसनीयता और क्षमता को लेकर विश्व में भारत की स्थिति मजबूत हुई है। अमेरिका, यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों को भारत द्वारा पहले से सूचित किया जा चुका था। यह भारत की वैश्विक कूटनीति की समझ और पारदर्शिता को प्रदर्शित करता है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के भीतर हड़कंप मचा हुआ है। पाकिस्तान द्वारा पिछ्ले दो सप्ताह से इतनी बडी तैयारी के बावजूद चीन और पाकिस्तान मिलकर भी हमले को क्यों नहीं रोक पाए। भारतीय सेना का यह हमला केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। भारत का यह संदेश भी है, भारत की संप्रभुता से खिलवाड़ करने वालों को भारतीय सेना से हर स्तर पर जवाब मिलेगा। भारत तकनीकी, सैन्य और कूटनीतिक स्थिति की समझ रखती है। भारत की सेना के तीनों अंगों की एक जुटता, भारतीय सेना का साहस, भारतीय सेना का प्रशिक्षण और अत्याधुनिक सैन्य उपकरण, अत्याधुनिक संचार प्रणाली का कोई मुकाबला नहीं है। भारतीय सेना ने जो पराक्रम ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से किया है वह दुनिया भर के आतंकवादियों के लिए भी एक संदेश है। मसूद अजहर जैसे खूंखार आतंकवादियों के लिए एक सबक है। भारतीय सेना ने मात्र 7 मिनट के अंदर अपनी सीमा के अंदर ही रहते हुए उसके पूरे परिवार को निशाना साधकर पाकिस्तान में ही समाप्त कर दिया। इससे भारत के पड़ोसी देशों में भी हड़कंप की स्थिति है। भारतीय सेना के पराक्रम की चर्चा दुनिया के सभी देशों में हो रही है। भारत की सेना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक है। यह साबित हो गया है। मात्र कुछ मिनट का ऑपरेशन कर दुश्मनों को सबक सिखाने की यह अनूठी घटना है। भारतीय सेना ने किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को नुकसान नहीं होने दिया। यह भारतीय सेना की संवेदनशीलता को भी दर्शाता है।

**– सनत जैन**

## राज काज

### चीन के अब क्यों बदल गए सुर

सीमा पर बार-बार आंख दिखाने वाले चीन के भी अब सुर बदलते दिख रहे हैं। दरअसल पाकिस्तान पर भारत की एयरस्ट्राइक से पड़ोसी मुल्क में भी हलचल मच गई है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में बढ़े तनाव के बीच चीन लगातार पाकिस्तान को समर्थन कर रहा था, लेकिन भारत के ऑपरेशन सिंदूर के सफल रहने के बाद चीन के सुर पूरी तरह बदल गए हैं। दरअसल अब चीन कह रहा है कि भारत और पाकिस्तान को क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए तनाव को कम करने पर ध्यान देना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करने से तनाव को कम करने में निर्णायक भूमिका निभाई जा सकती है। चीन के विदेश मंत्रालय का यहां तक कहना है कि वो मौजूदा स्थिति को लेकर चिंतित हैं। भारत-पाकिस्तान हमेशा एक-दूसरे के पड़ोसी रहेंगे। ये दोनों देश चीन के भी पड़ोसी हैं। खास बात जो चीन ने कही वह यह कि चीन हर प्रारूप में आतंकवाद का विरोध करता है, लेकिन हम दोनों पक्षों को क्षेत्र में स्थिरता के लिए शांति बनाए रखने और किसी भी तरह के उकसावे की कार्रवाई से दूर रहने का आग्रह करते हैं।

### संकट की घड़ी में विपक्ष सरकार के साथ

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब देते हुए भारतीय सेनाओं ने संयुक्त रुप से ऑपरेशन सिंदूर चला पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के आकाओं को माकूल जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ ही केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई और यथा स्थिति से सभी को अवगत कराया। इस बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कुछ ऐसा कह दिया कि पाकिस्तान की सांसें रुक गईं। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और जब तक खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं होता, कार्रवाई जारी रहेगी। इसका सीधा मतलब यह है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, बल्कि यह जारी है। उन्होंने कहा कि इस एयरस्ट्राइक में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं। सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी इसकी पुष्टि कर दी। बैठक की खास बात यह रही कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्पष्ट कहा कि इस संकट के समय में हम सभी केंद्र सरकार के साथ हैं। इससे संदेश जाता है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अब और खुलकर जवाब दे सकता है।

### पीएम मोदी से डोभाल के मिलने से आशय

पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक की, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी भी पहुंचे थे। यह बैठक शुरू होती उससे पहले ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके आवास पर पहुंच गए। इससे संदेश यह गया कि मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ अब और बड़ा हमला करने वाली है। सूत्रों के हवाले से तो यही बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार और सेना फिर से एयरस्ट्राइक करने की तैयारी कर रही हैं। दरअसल एयरस्ट्राइक के पहले और दूसरे दिन में आतंकियों के खासे ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो सफल भी रहा। इसे देखते हुए अब अन्य ठिकानों पर भारतीय सेना हमला कर सकती है।

# आतंकवाद के विरुद्ध शौर्य का प्रतीक बना 'ऑपरेशन सिंदूर'

### आतंक के गढ़ में भारत का निर्णायक प्रहार



योगेश कुमार गोयल

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देकर एक बार फिर यह जता दिया है कि अब वह न तो चुप रहेगा और न ही आतंकी हमलों को बर्दाश्त करेगा। इस हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी और यह हमला स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों से ही संचालित किया गया था। इसके सटीक जवाब में भारत ने 7 मई सुबह डेढ़ बजे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। भारत की यह एक सुनियोजित, सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य स्पष्ट था, आतंकवाद को उसी की जमीन पर कुचलना। इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम देना भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक सोच को दर्शाता है। 'सिंदूर' एक ओर जहां भारतीय संस्कृति में शक्ति, सौभाग्य और सम्मान का प्रतीक है, वहीं इस संदर्भ में यह उन शहीदों के बलिदान की लालिमा भी है, जिनकी शहादत का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल उन आतंकी ढ़ांचों के विरुद्ध था, जो लगातार भारत में घुसपैठ, आत्मघाती हमले और हथियारों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे थे। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है, वहीं मुजफ्फराबाद और कोटली लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के लिए लांच पैड के रूप में काम आते हैं। इन स्थानों पर हुए हमलों के माध्यम से भारत ने उन आतंकी गुटों की कमर तोड़ने की कोशिश की है, जो वर्षों से भारत को अस्थिर करने की कोशिश में लगे हुए थे। इस ऑपरेशनके जरिये भारत ने अपने नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि देश की सुरक्षा महज कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि उसे धरातल पर भी लागू किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है, जो सीमा पार से भारत के खिलाफ जंग छेड़े हुए हैं।

भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक-प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी




> भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक-प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया, वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिप[ ता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था, न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी, जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी।

ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया, वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिपक्वता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था, न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी, जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी।

बताया जा रहा है कि इन हमलों में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है, जिनमें लश्कर और जैश के कई शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं, जो भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान का स्थानीय मीडिया और प्रशासन पहले इस हमले को नकारते रहे, फिर अलग-अलग बयान देकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। पाकिस्तानी सेना के आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारत ने 6 अलग-अलग स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिनमें 8 नागरिकों की मौत हुई। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी पर दावा किया कि भारत ने अपने ही हवाई क्षेत्र से हमला किया और मिसाइलें रिहायशी इलाकों पर गिरी। पाकिस्तान के दावे आपस में ही विरोधाभासी हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे न तो इस हमले के लिए तैयार थे और न ही उनके पास इसकी ठोस जानकारी है। वहीं, भारत ने इस ऑपरेशन के तुरंत बाद अमेरिका को इस कार्रवाई की जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ थी, न कि पाकिस्तान की संप्रभुता के विरुद्ध। भारतीय दूतावास ने अमेरिका में बयान जारी कर बताया कि भारत ने किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, सैन्य या आर्थिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, केवल उन्हीं आतंकी शिविरों पर हमला किया गया, जो भारत के खिलाफ साजिश रच रहे थे।

इस ऑपरेशन के पूरे समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी निगरानी कर रहे थे। उन्होंने सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी थी और इस ऑपरेशन की बारीकियों पर लगातार नजर बनाए रखी। ऑपरेशन पूरा होने के बाद भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'जस्टिस इज सर्व्ड' यानी 'न्याय हो गया' लिखा जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ इस कार्रवाई को राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। इस ऑपरेशन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ना स्वाभाविक था। पाकिस्तान की ओर से फायरिंग और जवाबी बयानबाजी जारी रही। पाकिस्तान के मीडिया ने प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए यह दावा किया कि पाकिस्तान ने भारत के 6 फाइटर जेट मार गिराए हैं, जिसमें 3 राफेल, 2 मिग-29 और 1 सुखोई शामिल हैं, साथ ही भारतीय सेना की 12वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड के मुख्यालय को नष्ट करने का झूठा दावा भी किया गया। हालांकि भारत द्वारा इन बेबुनियाद झूठे दावों को सिरे से खारिज कर दिया गया है।

भारत का अगला कदम अब इस कार्रवाई को कूटनीतिक और रणनीतिक स्तर पर वैश्विक समर्थन में बदलना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत आतंकवाद के खिलाफ अपने दृष्टिकोण को और मजबूत तरीके से प्रस्तुत करेगा। अमेरिका, फ्रांस, रूस और इजरायल जैसे देश पहले ही भारत के साथ खड़े नजर आ रहे हैं परंतु संयुक्त राष्ट्र और इस्लामी देशों के संगठन (आईओसी) में पाकिस्तान अपने झूठे प्रचार को हवा देने की कोशिश अवश्य करेगा, इसलिए भारत को अब इस कूटनीतिक लड़ाई में भी स्पष्टता और तथ्यों के साथ आगे बढ़ना होगा। बहरहाल, ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य और कूटनीतिक परिपक्वता का प्रतीक है। इसने साबित कर दिखाया है कि भारत अब संयम और जवाबदेही के साथ अपनी रक्षा नीति पर अमल कर रहा है। 'सिंदूर' का रंग भले ही सांस्कृतिक दृष्टि से सौभाग्य और शक्ति का प्रतीक हो परंतु इस सैन्य कार्रवाई में यह रंग आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिशोध और शौर्य का प्रतीक बन गया है। भारत ने दुनिया को यह बता दिया है कि वह न तो युद्ध चाहता है, न टकराव लेकिन यदि उसकी सीमाओं, नागरिकों और संप्रभुता को कोई चुनौती देगा तो उसका जवाब भी उतना ही सटीक, तीव्र और निर्णायक होगा। भारत का यह बदलता हुआ रवैया उसकी सुरक्षा नीति को नई दिशा दे रहा है और यह संकेत है कि आने वाले समय में कोई भी आतंकी घटना भारत को मूकदर्शक नहीं बनाएगी बल्कि तत्काल और निर्णायक प्रतिघात से दुश्मन की कमर तोड़ी जाएगी।

## सुविचार

तलवार ही सब कुछ है, उसके बिना न मनुष्य अपनी रक्षा कर सकता है और न निर्बल की। **– गुरु गोविंद सिंह**

निज भाषा उन्नति अहै, सब भाषा को मूल। बिनु निज भाषा ज्ञान के, मिटै न हिय को शूल। **– भारतेन्दु हरिश्चन्द्र**

## प्रसंग

### आम आदमी

एक बार प्रसिद्ध विद्वान हजरत अबू बकर सिद्दिकी को मदीना का वजीर नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद प्रश्न उठा कि इतने बड़े विद्वान की तनख्वाह कितनी हो। वहां के बादशाह भी कोई निर्णय नहीं ले सके। काफी देर माथापच्ची करने के बाद अंत में यह निर्णय हुआ कि उनसे पूछ कर ही उनका वेतन तय किया जाए। बादशाह स्वयं उनके पास गए और उनके सामने अपनी समस्या रखी। अबू बकर ने कहा, जहांपनाह, यह तो कोई समस्या है नहीं। मैं कोई जनता से अलग तो हूं नहीं। बताइए, मदीना का एक औसत मजदूर महीने में कितना कमा लेता है? बादशाह ने कहा, तकरीबन एक दीनार तो कमा ही लेता है। अबू बकर ने कहा, ठीक है। मेरी तनख्वाह एक दीनार रखी जाए। बादशाह हैरत में पड़ गए। बोले, क्या कहा आपने? एक दीनार ! इससे ज्यादा तो मेरा नौकर कमाता है। आपकी बराबरी एक नौकर से नहीं हो सकती। अबू बकर ने कहा, आप मेरी बात नहीं समझ रहे हैं। आपने मुझे मुल्क का वजीर इसलिए बनाया है कि मैं यहां की गरीब जनता के हित में काम करूं। देश को तरक्की पर ले जाऊं। लेकिन जब मुझे यहां के आवाम के दर्द का पता ही नहीं चलेगा तो मैं कैसे उनके हित की बात सोचूंगा। एक मजदूर के बराबर तनख्वाह लेने से मुझे इतना तो पता रहेगा कि यहां साधारण लोग किस हाल में रहते हैं। वे अपना गुजर-बसर किस तरह से करते हैं और उनकी भलाई कैसे हो सकती है। हमारी तनख्वाह ज्यादा होगी तो हमें पता ही नहीं चलेगा कि देश में क्या हो रहा है। बादशाह ने फिर जोर देकर कहा, यह नियम के खिलाफहोगा। आप की तनख्वाह एक मजदूर के बराबर नहीं हो सकती।

## जरा हटके

# खतरनाक सब्जी साबित हो सकती है ब्रोकली

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने बाजार में उपलब्ध ब्रोकली के सैंपल में लिष्येरिया मोनोसाइटोजेनेस बैक्टीरिया का संक्रमण पाया है और इसे वापस मंगवाने के आदेश दिए हैं। अमेरिका में इस सब्जी को लेकर एक गंभीर चेतावनी जारी की गई है, क्योंकि इसमें एक घातक बैक्टीरिया पाया गया है, जो विभिन्न बीमारियों का कारण बन सकता है, और कभी-कभी यह जानलेवा भी हो सकता है।



लिष्येरिया मोनोसाइटोजेनेस एक खतरनाक बैक्टीरिया है जो फूड प्रोडक्ट्स में घुसने के बाद गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकता है। यह बैक्टीरिया खासतौर पर गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और नवजात बच्चों के लिए अत्यधिक खतरनाक है। यह शरीर के इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है, जिससे व्यक्ति गंभीर संक्रमणों का शिकार हो सकता है। लिष्येरिया मोनोसाइटोजेनेस का संक्रमण मेनिनजाइटिस, इंसिफलाइटिस और सेप्टिसीमिया जैसी खतरनाक बीमारियों को जन्म दे सकता है, जो जीवन के लिए संकट उत्पन्न कर सकती हैं।

सबसे घातक बात यह है कि यह बैक्टीरिया न केवल गर्मी में बल्कि ठंडे तापमान में भी जीवित रह सकता है। कुछ लोग ब्रोकली को कच्चा या हल्का गर्म करके सलाद के रूप में खाते हैं, जो इस बैक्टीरिया के संपर्क में आने का एक और तरीका बन सकता है। इसके संक्रमण के प्रारंभिक लक्षण पेट में दर्द, बुखार, सिरदर्द और ऐंठन हो सकते हैं। जैसे ही उल्टी और मतली जैसे लक्षण नजर आते हैं, यह संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है। प्रेग्नेंट महिलाओं में यह बैक्टीरिया गर्भपात का कारण भी बन सकता है।

## फोटो ऑफ द डे



**रोम में नये पोप के चयन के लिए सेट पीटर्स बेसीलिया में कंक्लेव के लिए पहुंचे कार्डिनल। वहीं इस दौरान कतार में पहुंचे लोग। (फोटो-ईएमएस)**

## व्यंग्य

# विभीषण की सरकार

**-अभिनव शुक्ल**

श्री राम और रावण के बीच काँटे की टक्कर हुई। काफ़ी समय तक यह अनुमान लगाना कठिन था कि इस रण में कौन विजयी होगा। एक बड़े रोमांचक मुकाबले में अंततः विजय श्री राम की हुई। भारतवर्ष के सभी कवियों और गीतकारों ने युद्ध का अदभुत वर्णन किया है। विजेता के पक्ष में तथा हारने वाले के विपक्ष में कई समाचार पत्रों में लेख भी छपे। लोगों ने रामचंद्र की विजय को एक ऐसी विजय के रूप में परिभाषित किया जिससे आने वाले समय की गति का निर्धारण होना था। यह अंधकार पर उजाले की विजय थी ! यह अधर्म पर धर्म की विजय थी ! असुरों पर सुरों की विजय थी ! पाकिस्तान पर भारत की विजय टाईप थी।

लंका देश के कोलंबो नामक ग्राम में एक ग़रीब किसान वास करता था। उसके पास दो बीघा ज़मीन थी जिसपर वह खेती करता था। सरकार को कर देने के बाद उसके पास इतना बच जाता था कि वर्ष भर उसे भोजन के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता। इधर इस युद्ध के कारण रावण सरकार ने एक सुरक्षा टैक्स अलग से लगा दिया था जिसकी वजह से किसान की हालत ख़राब थी। युद्ध समाप्त हुआ, रावण के हाथ से सत्ता छिटक कर विभीषण के हाथों में आ गई। विभीषण ने युद्ध से पहले ही श्री राम से गठबंधन कर लिया था। यह तय हुआ था कि लंका का राजा विभीषण बनेगा और समुद्र सेतु पर गुज़रने वाले वाहनों से जो टैक्स मिलेगा वह अयोध्या भेजा जाएगा। किसान को ऐसा लगता था कि विभीषण के राजा बनते ही सभी समस्याओं का निदान हो जाएगा। विभीषण के समर्थक गाँव-गाँव घूमकर विभीषण के गुणों का गुणगान करते रहते थे। किसान ने ऐसे ही किसी से सुना था कि एक बार विभीषण राजा बन जाए तो उसके गाँव में स्कूल, अस्पताल और पक्की सड़क भी बन जाएगी। गाँव के बाहर जो शुगर मिल, मिल मालिकों एवं रावण सरकार के बीच गन्ने को समर्थन मूल्य के मुद्दे की वजह से पिछले कई बरसों से बंद चल रही थी, वह चालू हो जाएगी। किसान को लगता था कि एक बार मिल चल पड़े तो शायद उसका आवारा लड़का भी वहाँ नौकरी पा जाए तथा भले मानुस का जीवन बिताए। मन ही मन वह भी यह चाहने लगा था कि युद्ध में श्रीराम की ही विजय हो। जब विभीषण ने सत्ता सँभाली तो लंका की हालत दयनीय थी। एक तो हनुमान ने नगर भर को अग्नि के सुपुर्द करके बड़े-बड़े भवनों एवं अट्टालिकाओं को ध्वस्त कर दिया था वहीं दूसरी ओर इस असमय लड़ाई से राज्य की अर्थव्यवस्था की कमर भी टूट गई थी। विभीषण के सामने रावण के अनेक वर्षों के शासन में हुई गड़बड़ियों का पता लगाने की चुनौती भी थी। लंका में विभीषण राज्य के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए यह भी आवश्यक था कि राज्य की सेना को मज़बूत किया जाए। वानरों के हाथों मिली पराजय से लंका के वीर भीतर तक टूट गए थे। उनके मनोबल को एक बार पुनः ऊँचा उठाने के लिए नए अस्त्रों-शस्त्रों एवं तकनीक का निर्यात भी आवश्यक था। मंत्रिमंडल का गठन, समाज के सभी वर्गों को उनका स्थान दिलाना, बेरोज़गारी की समस्या को सुलझाना, कानून व्यवस्था को सुधारना, जगह-जगह श्रीराम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान जी की मूर्तियों का अनावरण करना, नगरों एवं विश्वविद्यालयों के नाम बदलना, जनता के मन से कुंभकरण एवं रावण के आतंक को मिटाना आदि कार्य भी विभीषण की प्रमाणित सूची में सबसे आगे थे।

## चिंतन-मनन

# दौलत की चाह

संत जुनैद की एक झलक पाने और उनसे ज्ञान की बातें सुनने के लिए लोग बेकरार रहते थे। पर जुनैद दुनियावी चीजों से तटस्थ और निर्लिप्त रहते थे। वह खाने-पीने और अपने कपड़े से भी बेपरवाह रहते थे। वह हर समय घूमते रहते थे। जहां भी रात होती वह वहीं टिक जाते। एक बार वह एक बड़े शहर के बाहर रुके तो शहर के जाने-माने एक सेठ उनके दर्शन के लिए आ पहुंचे। वह अपने साथ ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं लेकर आए थे।

उन्होंने उसकी थैली जुनैद के चरणों में रख दी और हाथ जोड़कर खड़े हो गए। जुनैद ने थैली पर नजर डाली, फिर मुस्कराते हुए पूछा-क्या इसके अलावा भी आपके पास और दौलत है? सेठ जी ने प्रसन्न होकर सोचा कि जुनैद को और भी धन चाहिए। सेठ ने कहा-मेरे पास तो इससे कई गुना धन-संपत्ति और है। सेठ ने पूछा-क्या आप और दौलत पाने की ख्वाहिश रखते हैं? सेठ ने कहा- हां, हां क्यों नहीं, अब इतने से क्या होता है। थोड़ी और दौलत मिल जाए तो जिंदगी बेहतर हो जाएगी।

जुनैद ने कहा- तब तो ये दौलत भी आप ही रख लीजिए। इसकी असल जरूरत तो आपको ही है। आपको और धन-संपत्ति चाहिए। इतना आप मुझे ही दे देंगे तो आपका खजाना थोड़ा खाली हो जाएगा। जिसके पास सब कुछ हो लेकिन और पाने की चाह हो, उसके दान का भी कोई अर्थ नहीं है। यह सुनकर सेठ जी लज्जित हो गए। उन्होंने जुनैद से वादा किया कि वह अब और दौलत के पीछे नहीं भागेंगे।

## स्वास्थ्य

# प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना सेहत के लिए गंभीर खतरा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** हेल्थ विशेषज्ञों का कहना है कि जब प्लास्टिक की बोतलें तेज धूप में बंद कार के भीतर रहती हैं, तो बढ़े हुए तापमान के कारण उनमें से खतरनाक रसायन पानी में घुलने लगते हैं। गर्मियों में कार में सफर के दौरान प्लास्टिक की बोतल से पानी पीना अब आपकी सेहत के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

ये रसायन धीरे-धीरे शरीर के अंदर जाकर न सिर्फ हार्मोनल असंतुलन पैदा करते हैं बल्कि कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा भी बढ़ाते हैं। जानकारों के अनुसार, गर्म कार में प्लास्टिक की बोतलें बिसफेनॉल-ए (बीपीए) और एंटिमनी जैसे जहरीले तत्व छोड़ती हैं। ये रसायन पानी में घुलकर शरीर में प्रवेश करते हैं और धीरे-धीरे विषैले प्रभाव छोड़ते हैं। लंबे समय तक इनका सेवन करने से हार्मोन प्रणाली पर बुरा असर पड़ता है और मेटाबोलिज्म से लेकर दिल और पेट की गंभीर बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। मेडिसीन विशेषज्ञों का कहना है कि अधिकतर प्लास्टिक बोतलों में पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट (पेट) नामक पदार्थ होता है, जो गर्मी में प्रतिक्रिया कर खतरनाक केमिकल्स को छोड़ने लगता है। बीपीए एक एंडोक्राइन डिसरप्टर होता है, जो हार्मोन के संतुलन को बिगाड़ देता है। इससे शरीर की कार्यप्रणाली बाधित होती है, जैसे मेटाबोलिज्म की गड़बड़ी, हृदय रोग, और इंसुलिन रेजिस्टेंस।

## रात्रि चौपाल का किया आयोजन

**अशोकनगर, ईएमएस।** मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड मुंगावली में जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मथाना में नदी में साफ-सफाई, जल संरक्षण की शपथ और पौधा रोपण किया। ग्राम में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जिसमे विकासखंड समन्वयक द्वारा जल के संरक्षण के बारे में जानकारी दी। जिसमें प्रस्फूटन समिति के अध्यक्ष थानसिंह, मुकेश प्रजापति, समिति सदस्य बीएसडब्लू एवं बीएसडब्लू के छात्र उपस्थित थे।



## सहायक कोषालय अधिकारी ने सहपत्नीक किया रक्तदान

**अशोकनगर, ईएमएस।** कलेक्ट्रेट के जिला कोषालय कार्यालय में पदस्थ सहायक कोषालय अधिकारी अशोक राणा ने सहपत्निक वैवाहिक जीवन की 18वीं वर्षगांठ पर जरूरतमंदों व्यक्ति यों के लिए रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्तदान करना पुण्य का कार्य है। रक्तदान से किसी के अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। स्वस्थ्य शरीर के लिए रक्तदान अवश्य करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष वैवाहिक जीवन की वर्षगांठ पर सहपत्निक रक्तदान करते है।



## फटाफट खबरें

### भारतीय सेनाओं के सफल पराक्रम पर देश को गर्व

**मैहर, ईएमएस।** पहलगांव में हुए कायराना आतंकी हमले का जिस तरह भारतीय सेनाओं ने त्वरित और निर्णायक उत्तर दिया है वह सम्पूर्ण राष्ट्र के आत्म गौरव का विषय है। भाजपा जिला मंत्री कुलदीप तिवारी ने कहा है कि भारतीय सेनाओ के सफल पराक्रम पर समूचे देश को गर्व है। भारतीय सेना द्वारा शौर्य, समर्पण और संकल्प के साथ पाकिस्तान की सरजमीं पर आतंक के अड्डों पर की गई जवाबी कार्रवाई केवल एक सैन्य प्रतिघात नहीं अपितु यह एक सशक्त राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचायक है। यह ऐतिहासिक क्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रवादी, दूरदृष्टि, उनकी अपराजेय, राजनीतिक इच्छाशक्ति और भारतीय जनता पाटज की राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष परिणाम है। प्रधान मंत्री द्वारा भारतीय सेनाओं को पूर्ण स्वतंत्रता और भरोसे के साथ कार्रवाई करने की जो छूट दी गई उसी का प्रतिफल है कि आज भारत ने आतंक को उसके घर में घुसकर जवाब दिया है। श्री तिवारी ने आगे कहा कि यह केवल सीमाओं पर नहीं बल्कि प्रत्येक भारतीय के दिल में जलते राष्ट्रप्रेम की लौ का प्रतिनिधित्व करता है।

### ई-दक्ष केंद्र में प्रशिक्षण आयोजित

**अशोकनगर, ईएमएस।** ई-दक्ष केंद्र में मप्र लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010, सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण पर क्षमता संवर्धन हेतु जिला स्तरीय एल-1 अधिकारियों का प्रशिक्षण ई-दक्ष केंद्र अशोकनगर में प्रदान किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर पुष्पेन्द्र शर्मा एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक ई-दक्ष केंद्र निरपाल सिंह पवार द्वारा विभिन्न विषय सीएम हेल्पलाइन पोर्टल, ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल, ग्रेडिंग सुधारने के महत्त्वपूर्ण शब्द का चयन, सीपीजीआरएएम कंप्लेंट का निराकरण एवं साइबर सिक्योरिटी पर विषय का विस्तृत प्रशिक्षण सम्बंधित अधिकारीयों को दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विभागों को आने वाली विभिन्न समस्याओं का समाधान लोक सेवा प्रबंधक बीएम जकेले द्वारा किया गया।

### शासकीय हाई स्कूल पोड़ी के छात्र ने किया विद्यालय का नाम रोशन

**मैहर , ईएमएस।** शासकीय हाई स्कूल पोड़ी मैहर के शिक्षकों की कड़ी मेहनत का ही फल रहा है कि जो छात्र छात्राओं के शिक्षा कौशल देखने को मिली। हाई स्कूल पोड़ी में छात्र देवेन्द्र कुशवाहा पिता अमर कुशवाहा ने बिना कोचिंग के ही हाईएस्ट 97.4 प्रतिशत लाकर जिले की मेरिट में तीसरा स्थान हासिल किया है। विद्यालय से ही सुहानी प्रजापति 93 प्रतिशत, पुष्पा कुशवाहा एवं महेश साहू दोनों ने 89 प्रतिशत, जितेन्द्र कुशवाहा एवं स्नेहा पटेल 83 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों ने सफलता का श्रेय अपने परिवार, विद्यालय के शिक्षकों एवं विशेषकर गणित शिक्षक संदीप मिश्रा तथ प्राचार्य हरिशंकर पाण्डेय को दिया है।

**मुख्यमंत्री मकरोनिया में 1119 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए**

# बेटियां वरदान होती हैं, इनका कन्यादान करने से बड़ा कोई दान नहीं : विधायक

**सागर, ईएमएस।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहु बेटी का घर आना गृह लक्ष्मी एवं सुख समृद्धि का आना होता है, सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में समरसता, एकता और मितव्ययिता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि एक ही मंडप में कई जोड़ों का विवाह होना सामाजिक चेतना और बदलती सोच का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास से सागर जिले की नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रजाखेड़ी बजरिया (मकरोनिया) में सम्पन्न सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 1119 जोड़ों का एक ही मंडप में विवाह कराया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब सामूहिक विवाह समाज द्वारा प्रसन्नतापूर्वक सहजता से अपनाए जा रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि हमारे समाज की मानसिकता में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। यह बेहद प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के वैवाहिक आयोजनों से वर-वधू दोनों ही पक्षों का आर्थिक बोझ कम हो जाता है और इससे सामाजिक एकता को भी बल मिलता है। उन्होंने वर-वधू से कहा कि वे सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ें। हमारी सरकार सबके रोजगार और सबके हितों की चिंता कर रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए श्री हितानंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल से उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र कुमार शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। इससे समाज में व्यापक स्तर पर बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने सभी जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए बताया कि आज ही सभी जोड़ों के खाते में योजना में कुल 6 करोड़ 37 लाख रुपए की धनराशि हस्तांतरित की जा रही है। सम्मेलन के आयोजक नरयावली विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि बेटियां वरदान होती हैं इनका कन्यादान करने से बड़ा कोई दान नहीं होता हम सब को कन्यादान अवश्य करना चाहिए।

## 93 प्रतिशत अंकों के साथ इशिका रही स्कूल टॉपर, शत. प्रतिशत रहा सविमं का परीक्षा परिणाम

**खरगोन, ईएमएस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के जारी हुए परीक्षा परिणामों में इस बार भी सरस्वती विद्या



मंदिर के विद्यार्थियों ने उत्कष्ट परीक्षा परिणाम दिया है। प्राचार्य लोकेश गुप्ता ने बताया कक्षा दसवीं तथा 12वीं के परीक्षा परिणाम में भैया बहनों ने बाजी मार कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा दसवीं में बहिन इशिका पाटीदार ने 93 प्रतिषत अंक लाकर विद्यालय की टॉपर रही, जबकि अभिनव यादव 85, द्वारकाधीश पाटीदार 81, कुलदीप यादव 78, श्याम यादव 77, शिवानी चैहान 74, यामिनी चैहान 71, रंजना बर्डे 70, सुहानी पालीवाल 70, उज्जवल यादव 70, अंक प्राप्त कर स्कूल प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। जबकि कक्षा 12वीं में आशुतोष भावसार 77, भूमिका सोलंकी 69, युवराज यादव 68, सावन चैहान 62, देवराज यादव 65, आदित्य गीते 60, अंबिका सोनी 60 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत. प्रतिशत रहा है। विद्यालय प्रबंधन एवं बाल कल्याण समिति ने सभी विद्यार्थियों को आगे और बेहतर अंक लाने की शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर शिक्षिका पर एफआईआर

**विरोध प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने की कार्रवाई**

**अशोकनगर, ईएमएस।** सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर एक महिला शिक्षिका पर कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई समाज के विरोध प्रदर्शन और जिला प्रशासन पर बने दबाव के बाद हुई।

मामला 2 मई का है, जब शिक्षिका रश्मि रघुवंशी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ टिप्पणी की। शिक्षिका ने अपनी पोस्ट में लिखा था कि अशोकनगर में वामपंथी विचारधारा चलाने वाले अधिकांश ब्राह्मण हैं। ये लोग देश विरोधी गतिविधियां चलाते हैं और दलितों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और बच्चों को भड़काते हैं। पोस्ट सामने आने के बाद समाज में गहरा आक्रोश देखने को मिला। इसके विरोध में समाज के लोगों ने एक आपात बैठक बुलाई, जिसमें शिक्षिका से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की गई। कोई समाधान न निकलने पर समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन का रास्ता चुना। गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली गई और वहां करीब दो घंटे तक धरना दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

दबाव बढ़ने पर कोतवाली पुलिस ने शिक्षिका रश्मि रघुवंशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। मामले में धारा 353 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



**नगरपालिका अध्यक्ष ने ली वार्ड प्रभारियों की समीक्षा बैठक**

# घर-घर जाकर बनाए जाएं आयुष्मान और संबल कार्ड, प्रभारियों को दिए स्पष्ट निर्देश

**अशोकनगर, ईएमएस।** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने गुरुवार को नगर के 22 वार्डों के 44 वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने विशेषरूप से संबल योजना और आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रभारी अपने-अपने वार्डों में घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों की पहचान करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। श्री मानोरिया ने कहा कि इन योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं लोगों को मिलना चाहिए जो वास्तव में इसके हकदार हैं। उन्होंने सभी प्रभारियों से फील्ड में जाकर सक्रियता से कार्य करने की अपील की और यह स्पष्ट किया कि उनके कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी।

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा सम्मान:** अध्यक्ष श्री मानोरिया ने यह भी घोषणा की कि जो वार्ड प्रभारी अपने क्षेत्र में सम्बल और आयुष्मान कार्ड मै उत्तम कार्य करेंगे, उन्हें नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रभारियों से ईमानदारी, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए कहा।

### अनावश्यक खुदाई पर जताई नाराजगी:

नगर में फेरूल चेकिंग के नाम पर की जा रही अनावश्यक खुदाई की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में गड्ढा खुदा हुआ मिले, तो उसकी तुरंत सूचना नगर पालिका को दी जाए। इससे समय पर कार्रवाई की जा सकेगी और नागरिकों को असुविधा से बचाया जा सकेगा।

# जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर राष्ट्रगान कर मिठाई बांटकर मनाई खुशियां

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।**

आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना द्वारा 'आपरेशन सिंदूर' के तहत निर्णायक और योजनाबद्ध कार्यवाही एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तानी आतंकवादियों और उनके ठिकानों को नष्ट किया द्य उससे पूरे देश में खुशी की लहर है।

जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम ने राष्ट्रगान कर मिठाई बांटकर खुशियां मनाई द्य जिला अधिवक्ता संघ सचिव मनोज जराठे ने बताया कि इस दौरान संघ अध्यक्ष दीपक जैन वरिष्ठ अधिवक्ता, एसएस ठाकुर, बसंत चौहान, केके जराठे, विनोद दीवान,रामराज ठाकुर, प्रदीप तिवारी,केके थापक, प्रशांत तिवारी,मोर सिंह चौहान, प्रकाश पचौरी, नरेश तिवारी, विजया कदम,प्रदीप चौबे,दिलीप नामदेव,कन्हैयालाल मसानिया, योगेंद्र रावत,राजीव दुबे, अजय तिवारी,सुरेंद्र राजपूत,बलवंत ठाकुर,राजा चौहान,नितेश गौर,संजेश राजपूत, योगेश पटेल,मनीष शर्मा,अमित गुबरेले, सुरेंद्र



राजपूत,श्रीप्रकाश दुबे, भूपेंद्र वर्मा, आशीष ठाकुर, शास अधिवक्ता शैलेंद्र गौर,अति शास अधिवक्ता मनोज चौरे,अधिवक्ता अजय प्रकाश श्रीवास्तव,एस आर सोनी,हेमेंद्र ठाकुर,आदेश वर्मा,राजेश अग्रवाल,रत्नेश दुबे,जितेंद्र गौर, माधव हरने,आशीषठाकुर,संजीव बग्गन,अरविंद खंडेलवाल, प्रताप ठाकुर,कार्यकारिणी,मनोज यादव,क्षमा चौहान,राकेश शर्मा, प्रभुदयाल चौरे,रिचा ठाकुर,सलोनी अग्रवाल,जाहिद खान सहित बड़ी संख्या में अन्य अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे द्य

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बाबा तालाब की सफाई

**मैहर, ईएमएस।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गुरूवार को बाबा तालाब की साफ सफाई की गई। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, नवांकुर स्वैच्छिक संगठन, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्य म, परामर्शदाता, बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के छात्र, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, नगर पालिका परिषद के सफाई मित्र, अधिकारी, कर्मचारी एवं समाजसेवी संस्थाओं ने श्रमदान कर बाबा तालाब परिसर के घाट की सफाई की गई। स्वच्छता का संदेश देकर सरकारी करण की जगह समुदाय को आगे आकर जल स्रोतों की सफाई करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर, सीएमओ सुषमा मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, दीप्ती सिंह, जगन सिंह, उपयंत्री आकाश अग्रवाल, स्वच्छता पर्यवेक्षक अशरफ अली, अतिक्रमण प्रभारी बालेंद्र पांडेय, मदन चैरसिया, सुदीप सिंह, पार्षद प्रतिनिधि पवन दुबे, मनोज शुक्ला, अजय मिश्रा, संजय जादवानी, इन्द्रजीत सिंह मैनी, जगनंदन गर्ग, पुनीत मैनी एवं कल्पना सिंह आदि ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

# अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी निराश ना हों, और भी मौके हैं: कलेक्टर



**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी बोर्ड परिक्षाओं में अनुत्तीर्ण हुए परीक्षार्थियों से कहा है कि ऐसे विद्यार्थी जो कि गत दिवस जारी परीक्षा परिणामों में अनुत्तीर्ण हो गए हो ऐसी सभी विद्यार्थी निराश न हों एवं शासन द्वारा निर्धारित द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होकर अपना परीक्षा परिणाम सुधार सकते हैं। ऐसे छात्रों के लिए, जो मण्डल की प्रथम परीक्षा के परीक्षा परिणाम में एक या एक से अधिक विषयों में अनुपस्थित, अनुर्तीण रहे हों। द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसे अभ्यर्थी, जो किसी विषय में उर्तीण हो गए हों, वे भी अंक सुधार हेतु सम्मिलित हो सकेंगे। किन्तु अनुर्तीण, अनुपस्थित विषय में आवेदन-पत्र भरना अनिवार्य होगा। सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से 07 मई से 21 मई 2025 की रात्रि 12 बजे तक आवेदन-पत्र भरे जा सकेंगे। वर्ष 2025 की हाईस्कूल 10वी कक्षा की द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून 2025 तक एवं हायर सेकण्डरी 12वी कक्षा की द्वितीय परीक्षा 17 जून से 05 जुलाई 2025 तक प्रातः 09 से 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी।

## न्यूयॉर्क में इमरान प्रतापगढ़ी, स्वागत के बीच आतंकी हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**बुरहानपुर, ईएमएस।** प्रख्यात शायर एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी



अपनी शायरी के लिए दुनिया भर में जाने जाते हैं ऐसे ही एक प्रोग्राम के तहत देश के प्रख्यात शायर इमरान प्रतापगढ़ी जब अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर पहुंचे तो वहां उनका शहंशाह की तरह भारतीयों ने स्वागत किया। इसी बीच जब उन्हें पहलगाम आतंकी हमले की खबर मिली तो उन्होंने अपने स्वागत कार्यक्रम को बीच में छोड़ न्यूयॉर्क में एलओसी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में पहुंचे और यहां अपना विरोध दर्ज कराते हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को अपनी श्रद्धांजलि देकर संवेदना व्यक्त की अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में अपने प्रोग्राम के लिए पहुंचे शायर और राज्यसभा सांसद के इस कार्य और संवेदना की जानकारी जैसे ही बुरहानपुर के अल्पसंख्यक युवा नेता डॉक्टर फरीद काजी तक पहुंची वैसे ही उन्होंने इमरान प्रतापगढ़ी की संवेदना और देश भक्ति के इस जब्बे की सरहाना करते हुए इसकी जानकारी एक वक्तव्य के माध्यम से मीडिया को देते हुए कहा कि अल्पसंख्यक नेता प्रख्यात शायर और राज्यसभा सांसद ने अपने शहंशाह स्वागत की परवाह किए बगैर वह पहले देश की चिंता और बेकसूर लोगों के शहीद होने पर अपना विरोध दर्ज कराना अपना कर्तव्य समझकर अमेरिका में अपने देश प्रेम का उदाहरण पेश किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में बदलेगी केथन नदी के उद्गम स्थल तरवारिया के तालाब की सूरत

**स्थानीय प्रशासन व ग्रामीणों के साथ विधायक ने बनाई कार्य योजना**

**सिरोंज, ईएमएस।** केथन नदी के उद्गम स्थल ग्राम तरवरिया के प्राचीन तालाब के गहरीकरण तथा तलाब में भरने वाले पानी के बहाव छरछारा का केथन नदी की ओर करवाने की योजना बनाने को लेकर विधायक उमाकांत शर्मा ने गुरुवार को प्रशासन के साथ तरवारिया एवं बामोरी, इमामनगर का दौरा किया।



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी के माध्यम से इन तालाबों का प्राचीन स्वरूप लौटने की कल्पना करते हुए विधायक शर्मा ने स्थानीय ग्रामीणों से भी इन तालाबों के बारे में पूछताछ की। चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने तरवारिया के तालाब में पानी भरने के उपरांत होने वाले मछली पालन पर प्रतिबंध लगवाए जाने का भी अनुरोध किया। विधायक उमाकांत शर्मा ने एसडीएम हर्षल चौधरी से चौरासी बीघा में फैले तरवारिया तथा एक सौ बाईस बीघे में फैले बामौरी तरवारिया के तालाब के गहरीकरण की विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। विधायक शर्मा ने कहा कि यह स्थान केथन नदी का उद्गम स्थल है। इन तालाब में जब कमल के फूल का उत्पादन होता है तब यहां का प्राकृतिक सौंदर्य देखते ही बनता है इसके अलावा यहां सिंगाड़े सहित रेत में होने वाली खेती भी होती है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से इन तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त करवाकर उनकी विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की मांग पर विधायक शर्मा ने तरवारिया में तालाब किनारे स्थित मंदिर के पास घाट बनाने की बात भी कही। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नेता संतोष चौरे,पूर्व जनपद अध्यक्ष हमीर सिंह यादव, अशोक रावल,तहसीलदार संजय चौरसिया,फूलसिंह दांगी,स्थानीय सरपंच बाबूलाल कुशवाह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### मंदिर प्रांगण में ही लगाई चौपाल

अचानक से प्रशासन के अधिकारियों के साथ विधायक शर्मा के तरवारिया गांव में पहुंचने की सूचना मिलते ही तलब किनारे स्थित मंदिर पर स्थानीय ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। तालाब के जीर्णोद्वार की योजना को जानकर ग्रामीणों ने विधायक शर्मा का आभार भी व्यक्त किया। तालाब की कार्य योजना से स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने से उपरांत विधायक शर्मा ने ग्रामीणों के साथ मंदिर प्रांगण में ही चौपाल लगाकर सरकारी योजनाओं के माध्यम से मिलने वाली लाभों के बारे में भी पूछताछ की।

## मोटर साइकिल में आग लगाने वाले आरोपी को थाने से छोड़ने का आरोप

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** जिले की बनखेड़ी तहसील के अंतर्गत अस्पताल के सामने आवास कॉलोनी निवासी बुजुर्ग महिला कलावती गढ़वाल,अपने पुत्र महेंद्र गढ़वाल के साथ पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम कार्यालय पहुंचकर उनके परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोप लगाया कि घर के सामने रात में खड़ी उनकी मोटरसाइकिल को आग लगाने वाला आरोपी घर के आस-पास खुलेआम घूम रहा है। वह मेरे अथवा मेरे परिवार के किसी भी सदस्य के साथ कोई भी आपराधिक घटना करित कर सकता है। मेरे परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। घटना के संबंध में बुजुर्ग महिला के पुत्र महेंद्र गढ़वाल ने बताया कि उनके नाम पर पंजीकृत मोटरसाइकिल को 31 मार्च की शाम को घर के सामने दीवाल किनारे खड़ी कर दिया था। रात्रि करीब 1 बजे आरोपी शिवम साहू नया खेड़ा बनखेड़ी द्वारा बिना किसी विवाद के रात को घर में खड़ी मोटरसाइकिल में आग लगा दी गई। जिससे मोटरसाइकिल पूरी जल गई, मकान की खिड़की एवं विद्युत मीटर भी जल गया। पूरी घटना घर के पास रहने वाले गोलू मिर्जा के घर के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुआ। जिसकी फुटेज के आधार पर 1 अप्रैल की सुबह बनखेड़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई गई और पुलिस को फुटेज भी उपलब्ध कराए।जिसके बाद बनखेड़ी पुलिस द्वारा आरोपी शिवम साहू को बीएनएस की धारा 326(एफ) में प्रकरण दर्ज किया गया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को थाने बुलाया था और फिर छोड़ दिया। घटना के बाद से आरोपी घर के आसपास खुलेआम घूम रहा है, जिससे मेरे परिवार के किसी भी सदस्य के साथ कोई भी आपराधिक घटना कारित कर सकता है।

**एसपी से पीड़ित ने लगाई सुरक्षा की गुहार**

**उपमुख्यमंत्री ने बीएमसी में टेली मेडिसिन सेंटर का किया शुभारंभ**

# टेली मेडिसिन का सफल क्रियान्वयन और पीएचसी की भीड़ बीएमसी के परफॉर्मेंस ऑडिट की तरह करेगा कार्य : स्वास्थ्य मंत्री

**सागर, ईएमएस।**

उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में टेलीमेडिसिन सेंटर का शुभारंभ करते हुए कहा कि अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे मरीज की बात हो सकेगी एवं उचित उपचार प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भीड़ एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में स्थापित टेलीमेडिसिन सेंटर में आने वाले कॉल्स की संख्या बीएमसी के परफॉर्मेंस ऑडिट की तरह कार्य करेगा।

उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि टेलीमेडिसिन योजना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा की प्राथमिकता वाली योजना है जिसके माध्यम से गांव-गांव के पीड़ित व्यक्ति को विषय विशेषज्ञ डॉक्टर की निशुल्क सलाह मिल सकेगी एवं उनका समय पर इलाज हो सकेगा। श्री



शुक्ल ने निर्देश दिए कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित विशेष रूप से आरोग्य केंद्रों में टेलीमेडिसिन सुविधा शुरू की जाए। जहां डॉक्टरों की सूची चस्पा की जावे एवं उनके फोन नंबर भी संबंधित सीएचओ, बीएमओ को उपलब्ध कराएं जिससे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल टेलीमेडिसिन/ वीडियो कॉन्फ्रेंस/वर्चुअल माध्यम से उनका उपचार दिया जा सके।

**टेलीमेडिसिन सुविधा से श्री शुक्ल ने की मरीज एवं डॉक्टर से बात :** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने टेलीमेडिसिन सेंटर का लोकार्पण करते हुए मौके पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरकोटी से डॉ राहुल एवं वहां उपस्थित मरीज से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम बात की, उनके उपचार की जानकारी ली और टेलीमेडिसिन सुविधा के बारे में जाना। इस दौरान टेलीमेडिसिन के नोडल डॉक्टर भूपेंद्र रोहित ने पीड़ित व्यक्ति के ब्लड प्रेशर, शुगर एवं होने वाली पीड़ा की जानकारी ली, अन्य सवाल पूछे और संबंधित को खून की जांच कराने को कहा साथ ही आवश्यक दवाएं बताईं। बीएमसी के डॉ रमेश पांडे ने बताया कि टेली मेडिसिन के लिए डॉक्टर रुचि जयसवाल, डॉक्टर अंकित जैन, डॉक्टर दिनेश जैन, डॉक्टर पीयूष जैन को नियुक्त किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर और भी विशेषज्ञ डॉक्टर टेलीमेडिसिन सुविधा के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## विद्यासागर अकादमी ने फिर जिले में फहराया परचम

**नसरूल्लागंज-भैरूंदा, ईएमएस।** मंगलवार को घोषित माध्यमिक शिक्षा मंडल के परीक्षा परिणामों में नगर एवं क्षेत्र के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। मंगलवार को आये एम पी बोर्ड रिजल्ट में विद्यासागर अकादमी ने लगातार चौथी बार जिले की प्रवीण्य सूची में अपना स्थान प्राप्त किया, विगत वर्ष संस्था ने प्रदेश की प्रवीण्य सूचि में स्थान प्राप्त किया था एवं इस वर्ष भी विद्यालय की छात्रा इशिता मेहता ने जिले की प्रवीण्य सूचि में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर को गौरान्वित किया। एवं कक्षा 10वी के कुल 121 छात्रो में से 113 छात्रो ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। और कक्षा 12वी के कुल 105 छात्रो में से 92 छात्रो ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की ।

# चोरी की बाईक के साथ पकड़ाया बदमाश, 4 बाईक बरामद

**खरगोन, ईएमएस।** 4 मई को चोरी की बाईक से निकले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर 3 अन्य बाईकें भी बरामद की गई है। सनावद थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 4 मई को भीकनगांव थाना क्षेत्र निवासी युवक ने सनावद थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने जीजा के साथ अपनी स्वर्गवासी मां की अस्थिया विसर्जन करने मोरटक्का जा रहा था। इसी दौरान सनावद में पैट्रोल पंप पर बाईक खड़ी कर चाय पीने के लिये दुकान पर रुके। चार पीकर लौटे तो बाईक गायब थी।

पुलिस टीम ने रिपोर्ट पर संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गए व मुखबिरों को भी सक्रिय जानकारी जुटाई। परिणामस्वरूप मुखबिर की सूचना पर भीकनगाँव रोड ढकलगांव गोशाला पर नाकाबंदी की गई, जहां बाईक पर आ रहे युवक को रोका। उसने अपना नाम पप्पु पिता करतार चौहान निवासी ग्राम हीरपुर थाना चैनपुर का बताया, बाईक के दस्तावेज मांगने पर उसने घटना



दिनांक को खंडवा रोड पेट्रोल पंप के पास से बाईक चोरी का अपराध कबुला। थाने लाकर पूछताछ करने पर पूर्व में की गई 03 अन्य बाईकें चोरी करना भी कबुल किया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की बाईक क्रमांक एमपी.10 एमडब्ल्यू 4084, एमपी 12 एमएच 0878, एमपी 10.एमजी 1543, एमपी 45. बीए 6928 को बरामद किया है।

### पीएनबी का मुनाफा 51.7 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने मार्च 2025 में समाप्त चौथी तिमाही में 4567 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 3010 करोड़ रुपये की तुलना में 51.7 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने शेयर बाजार दी जानकारी में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 10757 करोड़ रुपये रही है जबकि मार्च 2024 में समाप्त तिमाही में यह आय 10363 करोड़ रुपये थी।



### भारत में मार्च 2025 तक फोनधारकों की संख्या 120 करोड़ थी

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में मार्च 2025 तक कुल फोनधारकों की संख्या 120 करोड़ थी जिसमें से वायरलेस फोन धारकों की संख्या 116.37 करोड़ और वायरलाइन धारकों की संख्या 3.70 करोड़ थी। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी ?किए गए मासिक आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 में वायरलेस ब्राडबैंड धारकों की संख्या 90.27 करोड़ और वायरलाइन ब्राडबैंड धारकों की संख्या 4.13 करोड़ थी। कुल ब्राडबैंड धारकों की संख्या 94.41 करोड़ थी।



## फटाफट खबरें

### लिथियम-आयन सेल विनिर्माण उद्यम को बढ़ावा देगी

**कोलकाता (ईएमएस)।** एक्साइड इंडस्ट्रीज की नई योजनाओं और निवेशों के बारे में जानकारी के अनुसार कंपनी अपने लिथियम-आयन सेल विनिर्माण उद्यम को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेगी। इस पहले चरण में एक्साइड ने नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी में वृद्धि के कारण अच्छे परिणाम दर्ज किए हैं। एक्साइड ने अनुषंगी कंपनी एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड में भी करीब 1,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है, और अतिरिक्त 300 करोड़ रुपये का निवेश भी किया गया है। इससे कुल इक्विटी निवेश 3,602.23 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। एक्साइड की लिथियम सेल विनिर्माण परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है और उसने अप्रैल में ईईएसएल में अतिरिक्त निवेश करने का निर्णय लिया है। वित्त वर्ष 2025-26 में व्यावसायीकरण के लिए यह पूंजी लगाने का विचार किया जा रहा है।

### महंगाई से राहत! वेज और नॉन-वेज थाली सस्ती हुई

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश की जनता के लिए अच्छी खबर है। एक नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल 2025 में एक सामान्य शाकाहारी थाली की कीमत 4 फीसदी घटकर सिर्फ 26.3 रुपए रह गई है। इस गिरावट की वजह सब्जियों के दामों में तेज गिरावट है, जैसे कि टमाटर 34, आलू 11 और प्याज 6 फीसदी तक सस्ते हो गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि नॉन-वेज थाली की कीमत भी 4 फीसदी घटकर 53.9 रुपए रह गई है। इसमें सब्जियों के साथ-साथ पोल्ट्री की कीमतों में भी गिरावट है, जो बर्ड फ्लू की वजह से मांग कम होने और आपूर्ति बढ़ने के कारण हुआ है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अगले 2-3 महीनों में गेहूं, दाल, और खाद्य तेल की कीमतों में और नरमी की संभावना बताई है, जिससे थाली की कीमत और भी कम हो सकती है। इस तरह की कीमतों में गिरावट से भारतीय जनता को बड़ी राहत मिली है।

निफ्टी भी 140.60 अंक तकरीबन 0.58 फीसदी नीचे आकर 24,273.80 अंकों पर बंद

# भारतीय शेयर बाजार गिरावट पर बंद



■ मुम्बई (ईएमएस)।

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 411.97 अंक करीब 0.51 फीसदी की गिरावट के साथ ही 80,334.81 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 140.60 अंक तकरीबन 0.58 फीसदी नीचे आकर 24,273.80 अंकों पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 4 कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए। वहीं 26 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए। इसी तरह निफ्टी 50 की 50 में से सिर्फ 5 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 45 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एक्सिस बैंक के शेयर सबसे ज्यादा 0.70 फीसदी ऊपर आये और एटरनल (जोमेटो) के शेयर सबसे ज्यादा 3.14 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी के शेयरों में बड़ी गिरावट आई है। सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 2.85 फीसदी , मारुति सुजुकी 2.04 फीसदी , बजाज फाइनेंस 1.86 फीसदी , टाटा स्टील 1.81 फीसदी , भारती एयरटेल 1.58 फीसदी , एशियन पेंट्स 1.49 फीसदी , बजाज फिनसर्व 1.48 फीसदी , पावरग्रिड 1.09 फीसदी , भारतीय स्टेट बैंक 0.95 फीसदी , एचडीएफसी बैंक 0.94 फीसदी , इंडसइंड बैंक 0.94फीसदी , सनफार्मा 0.85 फीसदी , एनटीपीसी 0.72 फीसदी , अडाणी पोर्ट्स 0.62 फीसदी , हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.62 फीसदी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.60 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा लार्सन एंड टुब्रो, नेस्ले इंडिया, आईटीसी, अल्ट्राटेक इमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए। वहीं टाइटन और एचसीएल के शेयरों के अलावा एचसीएल टेक 0.67 फीसदी और कोटक महिंद्रा बैंक 0.33 फीसदी व टाटा मोटर्स के शेयरों इससे पहले आज सुबह बाजार थो?ी बहुत ब?त के साथ खुला। टाटा मोटर्स और बैंकिंग शेयरों में ब?त से बाजार को बल मिला।सेंसेक्स की तरह ही निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ शुरु हुआ। हालांकि, इंडेक्स में उतार-च?ाव देखने को मिल रहा है।यह 31.05 अंक की कमजोरी के साथ 24,383.35 अंक पर कारोबार कर रहा था। पिछले सत्र में सेंसेक्स 105.71 अंक बढ़कर 80,746.78 पर और एनएसई निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24,414.40 पर बंद हुआ था। वहीं एशियाई बाजारों में चीन का सीएसआई 300 0.16 प्रतिशत ऊपर था जबकि शंघाई 0.01 प्रतिशत नीचे था। हांगकांग का हैंग सेंग 0.45 प्रतिशत नीचे और जापान का निक्केई 0.07 प्रतिशत ऊपर जबकि ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.12 प्रतिशत ऊपर था। वॉल स्ट्रीट इंडेक्सिस में बुधवार को बढ़त दर्ज की गई। सेमीकंडक्टर स्टॉक्स में तेजी से बाजार च?कर बंद हुए। रिपोर्ट्स के अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चिप्स पर विनियमन में ढील दी जाएगी। इसके चलते सेमीकंडक्टर स्टॉक्स में तेजी आई। नैस्डैक 0.27 प्रतिशत, एसएंडपी 500 0.43 प्रतिशत और डॉव जोन्स 0.7 प्रतिशत ऊपर कारोबार कर रहा था। में 0.21 फीसदी) और इंफोसिस के शेयरों में 0.18 फीसदी की बढ़त रही।

### रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 18 पैसे की बढ़त के साथ ही 84.57 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया 37 पैसे की बढ़त के साथ ही 84.75 पर बंद हुआ। । रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 23 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.54 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी के निरंतर प्रवाह और डॉलर कमजोर होने से स्थानीय मुद्रा को बल ?मिला, हालांकि भू-राजनीतिक तनाव निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित कर रहा है।

# ट्रम्प ने कहा, चीन पहले अपनी एकतरफा टैरिफ वापस लें



■ वाशिंगटन (ईएमएस)।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने बीजिंग के साथ ट्रेड वार की बातचीत शुरू करने के लिए चीन के 145 फीसदी टैरिफ को कम करने पर विचार नहीं करेंगे, इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि चीन को पहले अपनी एकतरफा टैरिफ बढ़ोतरी वापस लेनी चाहिए।

इसके साथ ही, ट्रम्प ने चीन के दावे को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिका ने स्विट्जरलैंड में ट्रेड वार्ता शुरू की थी। चीन ने भी ट्रम्प के टैरिफ में और बढ़ोतरी के विरोध किया, कहते हुए कि वे अमेरिका के प्रस्तावों का आकलन कर रहे हैं। ट्रम्प ने आंकड़ों का सहारा लेते हुए कहा कि चीन में बेरोजगारी बहुत ज्यादा हो गई है और कारखाने बंद हो रहे हैं। उन्होंने इसके असर से सहमतता जताई, लेकिन चीन को टैरिफ बढ़ाने से पहले अपनी बढ़ोतरी वापस लेनी चाहिए, यह उनकी मांग है। चीन ने अमेरिका के प्रस्तावों का आकलन करने का दावा किया है, लेकिन उन्होंने ट्रम्प को अपनी टैरिफ बढ़ोतरी कैंसिल करने का कहा है। इसमें दस्तावेजीकरण है कि स्विट्जरलैंड में होने वाले चीनी-अमेरिकी बैठक से पहले यह खुलासा हुआ है। ट्रम्प ने इस बिल्कुल भी अपनी गैरहाजिरगी नहीं दी है और देश में चल रहे व्यापार वार्ता की एक समीक्षा के दौरान इस पर अवधान निशानी स्थापित की है।

# सोने की कीमतों में गिरावट, चांदी के दामों में दिखी तेजी



■ नई दिल्ली (ईएमएस)।

सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ा उलटफेर हुआ है। गुरुवार को सोने की कीमतों में गिरावट का दौर जारी है जबकि चांदी के भाव में 0.44 फीसदी की तेजी आई है। एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.12 फीसदी गिरकर 96,971 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। चांदी 96,150 रुपए प्रति किग्रा पर है। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को 1,000 रुपए चढ़कर एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि दिल्ली के बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपए बढ़कर 1,00,750 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को यह 99,750 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोना इसके पहले 22 अप्रैल को भी 1800 रुपए चढ़कर 1,01,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा था। भारतीय सशस्त्र बलों ने देर रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए।

### भारत-पाकिस्तान के तनाव से कर्ज बढ़ने का खतरा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से दोनों देशों के लिए कर्ज का जोखिम भी बढ़ेगा। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को यह बात कही। रेटिंग एजेंसी ने दोनों देशों को बीबीबी- और सीसीसी+ प्रदर्शकों के साथ रेटिंग दी है। वह आगाह करते हैं कि अगले दो से तीन सप्ताह तक तनाव के उच्च स्तर पर रह सकता है और महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाई की संभावना है। भारतीय सुरक्षा बलों ने मंगलवार एवं बुधवार की दरमियानी रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इसके परिणामस्वरूप, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने भारत के विरोध में फिर से कार्रवाई की तयारी करने का एलान किया है। एसएंडपी ने कहा है कि भारत अपनी आर्थिक वृद्धि मजबूत रखेगा जबकि पाकिस्तान सरकार अपनी अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कदम उठाएगी।

# पीएनबी ने 4,567 करोड़ का शुद्ध लाभ किया दर्ज

■ नई दिल्ली,(ईएमएस)।




सरकारी स्वामित्व वाले पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने वित्त वर्ष 2025 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए 4,567 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की इस अवधि के 3,010 करोड़ रुपए के आंकड़े से 51.7 फीसदी ज्यादा है। पीएनबी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 2.90 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का लाभांश घोषित किया है। जमा पर दिए गए ब्याज और ऋण पर अर्जित ब्याज के बीच का अंतर, बैंक की शुद्ध ब्याज आय चौथी तिमाही के लिए 4 फीसदी बढ़कर 10,757 करोड़ हो गई।

पीएनबी बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 2 रुपए अंकित मूल्य के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 2.90 रुपए का लाभांश देने की सिफारिश की। लाभांश बैंक की आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता की परिसंपत्ति गुणवत्ता जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान बेहतर हुई, जिसमें ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स पिछली तिमाही के 4.09 फीसदी से घटकर 3.95 फीसदी हो गई। चौथी तिमाही में नेट नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स मामूली रूप से घटकर 0.41 फीसदी रह गई, जो तीसरी तिमाही में 0.4 फीसदी थीं। पीएनबी बोर्ड ने बेसल-3 अनुपालन बॉन्ड जारी कर 8,000 करोड़ की नई फंडिंग जुटाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसमें 4,000 करोड़ रुपए तक के अतिरिक्त टियर-1 बॉन्ड और 4,000 करोड़ रुपए तक के टियर-2 बॉन्ड शामिल हैं, जिन्हें वित्त वर्ष 2026 के दौरान एक या ज्यादा किस्तों में जुटाया जाएगा। पीएनबी का वैश्विक कारोबार वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 14.03 फीसदी से बढ़कर 26,83,260 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल की समान तिमाही में 23,53,038 करोड़ रुपए था।

### गूगल ने फिर दिखाया 200 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता

नई दिल्ली (ईएमएस)। टेक दिग्गज गूगल में फिर से कर्मचारियों की छंटनी की खबरें मिल रही है। रिपोर्टों की मानें तो कंपनी ने अपने ग्लोबल बिजनेस यूनिट में से करीब 200 कर्मचारियों को कंपनी से निकाल निकाल दिया है। गूगल के लिए यह टीम दुनियाभर में सेल्स और पार्टनरशिप का काम देखती है। बताया जा रहा है कि बड़ी-बड़ी टेक कंपनियां आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक ध्यान दे रही हैं। एक बड़े पैमाने पर इंडस्ट्री में बदलाव हो रहा है और शायद कर्मचारियों की छंटनी की भी यही वजह हो सकती है। इस वजह से कंपनी कर रही स्मॉल एडजस्टमेंट गूगल के इस कदम की जानकारी द इन्फॉर्मेशन ने अपनी रिपोर्ट में दी है। बताया जा रहा है कि कंपनियां डेटा सेंटर और एआई डेवलपमेंट पर खर्च कर रही हैं। इसके चलते कई पुराने सेगमेंट्स खत्म हो रहे हैं या वहां कर्मचारियों की संख्या कम की जा रही है रॉयटर्स को दिए एक बयान में गूगल ने इन बदलावों को स्मॉल एडजस्टमेंट बताया।

## इंदौर बाजार भाव

इन्दौर (ईएमएस)। ताजा मॉग के चलते गुरूवार को अनाज मंडी में मसूर बाजार बड़त पर रहे। मूंग व चने में मजबूती आयी। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन टिकाव पर रहा। किराना जिंसों में खोपरा गोला बना रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार गुरूवार को अनाज मंडी में व्यापार अच्छा रहा। मसूर में ताजा पूछपरख के बाद बाजार ऊँचाइयों पर रहे। चने व मूंग में सुर्खी आयी। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन बाजार टिकाव पर रहे। किराना जिंसों में खोपरा गोला बना रहा। वहीं, सूखे मेवों में मजबूती रही। भाव इस प्रकार रहे :-

**किराना**

शक्कर 4150-4190, खोपरा गोला 195-245, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 180-220, सांगली 250-270, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 100-140, बेस्ट 280-300, एस्ट्रा बेस्ट 310-350, सौंफ बारि?क 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1050-1200, क्लीन 1220-1330, दालचीनी 250-265, जायफल 725-790, बेस्ट 750-780, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1625-1900, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1600-1750, बेस्ट 1850-2000, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 950-1000, काजू (320) 825-860, काजू एस.डब्ल्यू 800-820, जे.एच. 850-870, टुकड़ी 800-840, बादाम मगज 820-840, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2500-2550, (160) 2850-2900, (200) 3250-3300, (250) 3250-3300

**खली**

रात की धारणा: गुजरात लुज 1300, मुम्बई पाम 1205, मुम्बई सोया 1235-1240, खली: कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2200, देवास-उज्जैन 2200, खंडवा-बुरहानपुर 2175, अकोला 2990 (प्रति क्विंटल)

**तेल**

सींगदाना 1310-1320, मुम्बई 1340, राजकोट तेलिया 2090, सोया साल्वेंट 1150-1155, सोया रिफाइंड 1215-1220, कपास्या 1210, धूलिया 1200, कड़ी 1210,

**दलहन** चना कांटेवाला बेस्ट 6000-6100, एवरेज 5800-5900, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6500-6550, एवरेज 6300-6400, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6900-7000, एवरेज 6700-6800, हल्की 6500-6600, तुअर महाराष्ट्र 7100-7400, उड़द बेस्ट 8500-8600, एवरेज 8300-8400, शंकर 7900-8000, हल्की 7300-7500,

**अनाज** गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400,

## राशिफल

**शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि द्वादशी, शुक्रवासरे, हस्त नक्षत्रे, वल योग, वालव करणे, कन्या की चंद्रमा, प्रदोष व्रत रवियोग, व्यापार कर्णवेध, विद्यारंभ, जलखनन, वधू, तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।**

**मेष** कार्य कुशलता से संतोष, स्त्री शरीर कष्ट, कुछ बाधायें चिन्तामय रखेंगी।

**तुला** विशेष कार्य स्थिगित रखें एवं कुटुम्ब की चिन्ता करें, विशेष रूप से ध्यान दें।

**वृष** मान-प्रतिष्ठा में प्रमुख वृद्धि होगी, कार्य कुशलता से संतोष होगा, रुके हुए कार्य बनेंगे।

**वृश्चिक** विशेष कार्य स्थिगित एवं लेन-देन के मामले में हानि होगी, कार्य होवेंगे।

**मिथुन** क्रोध से अशांति तथा झगड़े से बचें, क्रोध से कार्य अवरोध होगा एवं हानि होगी।

**धनु** मानसिक बेचैनी, उद्विघ्नता एवं असमर्थता का वातावरण बना ही रहेगा।

**कर्क** कार्य-व्यवसाय में सुधार हो, कार्य कुशलता से संतोष होगा, हानि होगी।

**मकर** क्रोध, अशांति से बचिये, मानसिक भ्रम तथा व्यवस्था नष्ट हो सकती है।

**सिंह** व्यवसाय गति अनुकूल हो, तनाव व क्लेश से अशांति, व्यर्थ व्यय होगा, ध्यान दें।


**कुंभ** नवीन योजनाएं फलप्रद हों, कार्यकुशलता से संतोष होगा, ध्यान दें।

**कन्या** योजनाऐं फलीभूत हों, अधिकारियों के तनाव से बचें, सतर्क रहकर कार्य करें।

**मीन** इष्टमित्र से तनाव-क्लेश व अशांति से हानि, मनोबल बना रहेगा।

## दैनिक पंचांग

**9 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.45 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मिथुन | 07.44 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.57 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.13 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.25 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.36 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.51 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.07 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.12 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | कुंभ | 00.58 बजे से |
| | | मीन | 02.31 बजे से |
| | | मेष | 04.01 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 129 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 14.57 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 00.09 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** वज्र 02.58 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बालव 14.57 बजे तदनन्तर कौलव 04.13 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर $17^{0}$ 22'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872339
**जूलियन दिन** 2460804.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 10
**विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7146

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 7145 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 8359

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | | ■ | 5 |
| ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ | 8 | |
| 9 | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | | ■ |
| 13 | | ■ | ■ | | ■ | 14 | | 15 |
| | ■ | 16 | | | | | ■ | |
| 17 | 18 | | ■ | | ■ | ■ | 19 | |
| ■ | 20 | | ■ | 21 | 22 | 23 | ■ | |
| 24 | | ■ | 25 | ■ | 26 | | 27 | ■ |
| | ■ | 28 | | | | ■ | 29 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. पेड़, दरख्त-2
3. प्रार्थना, पूजना-4
6. आदर्श, पैमाना-3
8. त्वचा, चमड़ी, खाल-2
10. सड़ने की प्रक्रिया, गलन-3
12. देव, देवता-2
13. चलने का ढंग-2
14. प्रशंसा, गुणगान-3
16. आरामदायक-5
17. कक्ष, रूम-3
19. हिंदू कलैंडर का एक महीना, भाद्रवा-2
20. 500 कागजों की गड्डी-2
21. कबाड़, खराब वस्तु-3
24. मजा, मस्ती-2
26. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
28. शोरगुल, -4
29. तह, परत-2

**ऊपर से नीचे**

2. माफी-2
3. झूठी शान, घमंड-3
4. गर्दन से नीचे का शरीर, देह-2
5. अपराध, गुनाह-2
7. रग, नाड़ी-2
8. सूत कातने का यंत्र-3
9. एकाएक-4
11. शीश झुकाए हुए-5
12. भोर, प्रातः-3
15. ननद का पति-4
16. विश्राम, राहत-3
18. रोगी, बीमार-3
22. उच्चतम-3
23. गरबा, नृत्य-2
24. मृत्यु-2
25. रास्ता, मार्ग-2
27. आनंदित, मौजी-2

**शब्द पहेली -8358 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | का | श | ■ | छ | ■ | आ | स | ■ |
| हा | ■ | र | स | म | ला | ई | ■ | जों |
| र | म | ण | ■ | छ | ■ | ना | ह | क |
| ■ | न | ■ | ■ | म | ■ | ■ | क | ■ |
| अ | प | रा | ध | ■ | न | ह | ला | ना |
| ■ | सं | ■ | ■ | जा | ■ | ■ | ह | ■ |
| क | द | म | ■ | न | ■ | ब | ट | र |
| ब्र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ | ई |
| ■ | फो | न | ■ | र | ■ | खा | लि | स |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### राणा आईपीएल से बाहर हुए, प्रीटोरियस शामिल

नई दिल्ली (ईएमएस)। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज नितीश राणा आईपीएल से बाहर हो गये हैं। राणा की जगह पर दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को शामिल किया गया है। प्रीटोरियस को 30 लाख रुपए के आधार मूल्य पर टीम के साथ जोड़ा गया है। रॉयल्स की टीम हालांकि प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है।

### धोनी के नरेन की स्टंपिंग पर इसलिए उठे सवाल

कोलकाता (ईएमएस)। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने जिस प्रकार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में सुनील नरेन को स्टंप आउट किया उसपर सवाल उठे हैं। गेंद नरेन के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई और जमीन पर लुढ़क गई। वहीं धोनी ने तेजी से गेंद को उठाया और नरेन के क्रीज पर लौटने से पहले ही विकेट गिरा दिये।

# आज आरसीबी का सामना करेगी सुपर जायंट्स

लखनऊ (ईएमएस)।




आईपीएल में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना करेगी। इकाना स्टेडियमय में होने वाले इस मैच में सुपर जायंट्स जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी क्योंकि अब एक भी हार उसके प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर देगी। उसके अभी 10 अंक हैं और आने वाले तीनों की मैच उसे जीतने होंगे हालंकि उसके लिए आरसीबी का सामना करना आसान नहीं होगा। आरसीबी ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और उसका मनोबल भी काफी बढ़ा हुआ है। उसके अभी 16 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में जगह बनाने केवल एक जीत की जरुरत है।

आंकड़ों पर नजर डाले तो इस मैच में आरसीबी का पलड़ा हल्का भारी नजर आता है। यहां लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच अब तक कुल पांच आईपीएल मुकाबले हुए हैं, जिसमें आरसीबी ने 3 और एलएसजी ने 2 जीते हैं। इससे साफ है कि दोनों टीमें एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देती हैं और मामला एकतरफा नहीं है। इकाना स्टेडियम की पिच गेंदबाजों की सहयक रही है। ऐसे में यहां बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान नहीं होगा। सुपर जाइंट्स की सबसे बड़ी परेशानी उसके कप्तान और प्रमुख बल्लेबाज ऋषभ पंत का अबतक असफल होना है, उसकी बल्लेबाजी अब तक निकोलस पूरन पर ही टिकी रही है पर जीत के लिए अन्य बल्लेबाजों को भी रन बनाने होंगे। मयंक यादव के आने से टीम की गेंदबाजी मजबूत हुई है। वहीं आरसीबी की बल्लेबाजी विराट के अलावा कप्तान रजत पाटीदार पर निर्भर है। गेंदबाजी की जिम्मेदारी भुवनेश्वर कुमार पर रहेगी।

#### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** - एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, आयुष बडोनी, डेविड मिलर, आकाश महाराज सिंह, दिग्वेश सिंह राठी, अवेश खान, मयंक यादव, प्रिंस यादव। इम्पैक्ट प्लेयर- मिशेल मार्श।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** - जैकब बेथेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, लुंगी एनगिडी, यश दयाल, सुयश शर्मा। इम्पैक्ट प्?लेयर- फिलिप साल्ट।

## स्पिनर वरुण पर लगा जुर्माना

**कोलकाता (ईएमएस)।** आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर जुर्माना लगाया गया है। वरुण पर सीएसके के खिलाफ मैच के दौरान मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उनके खाते में एक नकारात्मक अंक भी दर्ज हुआ है। वरुण को आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। ये मैच में किसी अन्य खिलाड़ी के प्रति अपमानजनक भाषा, कार्य या हाव-भाव का प्रयोग करने या आक्रामक प्रतिक्रिया भड़काने को लेकर है। आईपीएल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, वरुण ने अपनी गलती को अपराध को स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी की सजा को मान लिया है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम माना जाता है। इसके तहत जब कोई बल्लेबाज आउट होकर पवेलियन लौट रहा होता है तो उत्साह में कई बार गेंदबाज बल्लेबाज ऐसी प्रतिक्रिया देते हैं, जिससे बल्लेबाजी की ओर से जवाबी प्रतिक्रिया मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इससे कई अवसरों पर मैदानी अंपायरों को बीच-बचाव के लिए आना पड़ता है। गेंदबाज की ओर से बल्लेबाज के प्रति इस तरह की प्रतिक्रिया को अपमानजनक माना जाता है।

# पंजाब और मुम्बई इंडियंस मैच अब वानखेड़े स्टेडियम में होगा




धर्मशाला (ईएमएस)।

मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच 11 मई को होने वाला आईपीएल मुकाबला अब मुम्बई में होगा। सुरक्षा कारणों से धर्मशाला हवाई अड्डा अस्थाई रूप से बंद होने के कारण इस मैच को मुंबई में कराया जा रहा है। बीसीसीआई के अनुसार हवाई अड्डा बंद रहने पर मैच मुंबई में ही कराया जाएगा। वहीं दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच तय कार्यक्रम के अनुसार होगा। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के एक सूत्र ने कहा कि हमें बीसीसीआई या केंद्र और राज्य सरकारों से दिल्ली और पंजाब का मैच रद्द करने के बारे में कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। जब तक कोई आधिकारिक निर्देश नहीं मिलता, हम कार्यक्रम के अनुसार ही काम करेंगे। पंजाब किंग्स के एक अधिकारी ने कहा कि हमें अभी तक स्थल परिवर्तन के बारे में नहीं बताया गया है। हम बीसीसीआई के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। धर्मशाला पंजाब किंग्स टीम का दूसरा घरेलू मैदान है। पंजाब टीम को यात्रा संबंधी फिलहाल कोई परेशानी नहीं है क्योंकि वे इस सप्ताह के अंत तक वहीं रहेंगे। वहीं दिल्ली को देखना होगा कि उसके खिलाड़ी वापिस कैसे आएंगे क्योंकि जिन्हें रविवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर गुजरात टाइटंस से खेलना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि इस समय सब कुछ अनिश्चित है। टीमों से बात चल रही है और वे भी विचार कर रहे हैं कि हवाई अड्डा बंद रहने पर धर्मशाला से दिल्ली वापिस कैसे आना है। गौरतब है कि पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इसके बाद से देश में उत्तर और पश्चिम हिस्सों के कम से कम 18 हवाई अड्डे बंद कर दिए गए हैं जिनमें श्रीनगर, लेह, जम्मू, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, जैसलमेर, शिमला, धर्मशाला और जामनगर शामिल है। वहीं बीसीसीआई ने कहा है कि हम सरकार के सभी निर्देशों का पालन करेंगे।

## क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने शुरु की हाइब्रिड अनुबंध प्रणाली

**जोहांसबर्ग (ईएमएस)।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने इस बार हाइब्रिड अनुबंध प्रणाली शुरु की है। रासी वान डर डुसन और डेविड मिलर हाइब्रिड अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। हाइब्रिड अनुबंध ऐसा मॉडल है, जिसमें खिलाड़ी कोई खास सीरीज और आईसीसी टूर्नामेंट में देश के लिए खेलने को उपलब्ध रहें। वहीं आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन इस बार केन्द्रीय अनुबंध है। कुल 18 खिलाड़ियों को केन्द्रीया अनुबंध दिया है। नई अनुबंध सूची में तीन नए खिलाड़ियों को जोड़ा गया है। साथ ही एंडिले फेहलुकवायो और तबरेज शम्सी जैसे सीनियर खिलाड़ियों को भी बाहर कर दिया गया है। नया केन्द्रीया अनुबंध एक जून 2025 से 31 मई 2026 तक रहेगा। बोर्ड ने क्लासेन को केन्द्रीया अनुबंध से बाहर करने की वजह नहीं बताई है। क्लासेन के अलावा कई और ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें बाहर किया गया है। इसमें कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्जके, एंडिले फेहलुकवायो और तबरेज शम्सी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं टेम्बा बावुमा, डेविन बेडिंघम, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएट्जी, टोनी डी जोरजी, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, केशव महाराज, क्वेन मफाका, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन, लिज़ाद विलियम्स को अनुबंध मिला है।

# उर्विल शीर्ष पांच खिलाड़ियों के क्लब में पहुंचे



कोलकाता (ईएमएस)।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र में इस बार चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है पर उसके युवा खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से जरुर प्रभावित किया है। इन्हीं में से एक हैं उर्विल पटेल भी हैं। उर्विल ने सीएसके की ओर से पहला ही मुकाबला खेलते हुए अपने आक्रामक शॉट से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इसे के साथ ही वह उन पांच शीर्ष बल्लेबाजों में आ गए हैं जिन्होंने आईपीएल डेब्यू पर पहले 10 गेंदों में सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। उर्विल ने आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी पहली ही 10 गेंदों में 31 रन बना दिये। अपनी इस विस्फोटक पारी से वह सूची में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। उन्होंने चार छक्के और एक चौका लगाया।

वहीं इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने साल 2018 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ दिल्ली में अपने आईपीएल डेब्यू मैच में ही पहली 10 गेंदों में 30 रन बनाए।

विप्रज निगम आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए डेब्यू करने वाले विप्रज निगम ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ विशाखापट्टनम में अपनी पहली 10 गेंदों में 29 रन बनाए। 39 रन की आतिशी पारी से उन्हें इस सूची में तीसरा स्थान दिलाया।

वहीं न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्रा ने 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ डेब्यू किया। चेन्नई में उन्होंने अपनी पहली 10 गेंदों में 28 रन बनाए, जिसमें उनकी 37 रन की पारी ने ष्टस्य को मजबूत शुरुआत दी।

दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर शॉन पोलक ने 2008 में मुंबई इंडियंस के लिए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ डेब्यू मैच में ही पहली 10 गेंदों में 27 रन बनाए थे।

# धोनी और रोहित के संन्यास में रहीं ये समानताएं

**मुंबई (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले अचानक ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर सबको हैरान कर दिया है। रोहित ने बुधवार शाम 7 बजकर 29 मिनट पर अपने संन्यास की घोषणा की। ये एक संयोग है कि महेन्द्र सिंह धोनी ने भी इतने ही समय पर अपने संन्यास की घोषणा की थी। इसके अलावा दोनों ने ही अपना अंतिम टेस्ट वानखेड़े स्टेडियम में खेला और इनका अंतिम दौरा मेलबर्न रहा। रोहित ने बुधवार शाम सोशल मीडिया में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा सफेद जर्सी में भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात रही। वर्षो से मिले प्यार और समर्थन के लिए सभी का आभारी हूं।

रोहित के संन्यास से कुछ मिनट पहले ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने घोषणा की थी कि नई दिशा निर्देशों के कारण रोहित को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए शामिल नहीं किया जा सकता है। धोनी और रोहित के एक ही समय पर संन्यास लेने से प्रशंसक भी हैरान हैं। दोनों खिलाड़ियों ने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। धोनी और रोहित के बीच समानता न केवल समय और स्थान में, बल्कि उनके योगदान और प्रशंसकों के दिलों में उनकी जगह को लेकर भी है।

# युवराज सहित कई क्रिकेटरों ने रोहित के योगदान को सराहा और उन्हें शांत योद्धा' बताया

नई दिल्ली (ईएमएस)।



भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के साथ ही एक युग का समापन हो गया। रोहित ने अपनी कप्तानी में भारतीय टीम को लगातार आगे बढ़ाया। वह एक सफल नेतृत्वकर्ता' के रूप में उभरे और 'ड्रेसिंग रूम में उनकी कमी हमेशा खेलेगी। वह अब केवल एकदिवसीय क्रिकेट में ही खेलेंगे। रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर प्रशंसकों के साथ ही क्रिकेटरों ने भी उनकी सराहना की है। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने उन्हें एक 'शांत योद्धा' बताया। युवराज ने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में आपसे बहुत कुछ अपेक्षित है - जज्बा, धैर्य और चरित्र। भाई, आपने इसमें अपना सब कुछ लगा दिया और इसे बेहद सहज बना दिया। एक शांत योद्धा से लेकर शीर्ष पर एक नेतृत्वकर्ता तक, आपकी यात्रा विशेष रही है। आप पर गर्व है, शुभकामनाएं।'वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टेस्ट टीम में रोहित की अनुपस्थिति के कारण पैदा हुए भावनात्मक शून्य को दोहराया। पंत ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'आपकी उपस्थिति और प्रभाव हमेशा ड्रेसिंग रूम में गूंजता रहेगा। हमेशा के लिए प्यार रोहित भाई।'पूर्व भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा, 'एक युग का अंत ! रोहित टेस्ट क्रिकेट में आपका धैर्य, अनुग्रह और नेतृत्व हमेशा भारत की क्रिकेट यात्रा का एक बड़ा हिस्सा रहेगा। यादों के लिए धन्यवाद, कप्तान!'वहीं पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने महसूस किया कि रोहित ने 'सही समय पर सही निर्णय लिया।'वहीं बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने पुरानी यादों को ताजा किया। मयंक ने लिखा, 'पवेलियन से बाहर आना, 22 गज की पिच पर आपसी समझ, ड्रेसिंग रूम में हंसी-मजाक और मैदान पर हावी होने की मानसिकता। आपके साथ सफेद कपड़ों में ये यादें साझा करके खुशी हुई।'पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने एक खिलाड़ी और एक नेता के रूप में भारतीय क्रिकेट में रोहित के 'अतुलनीय' योगदान को याद किया। उन्होंने लिखा, 'रोहित को बहुत-बहुत सलाम! भारतीय क्रिकेट में आपका योगदान अतुलनीय है। रोमांचक पारियों से लेकर जुनून और गर्व के साथ टीम का नेतृत्व करने तक, आपने अपना सब कुछ झौंक दिया है। आपको एक अच्छी छुट्टी और खुशियों से भरे भविष्य की शुभकामनाएं!'युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल जायसवाल ने कहा, 'रोहित भाई, सफेद कपड़ों में आपके साथ क्रीज साझा करना किसी आशीर्वाद से कम नहीं था। हर चीज के लिए धन्यवाद।'भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने लिखा, ''रोहित का भारतीय क्रिकेट पर प्रभाव रिकॉर्ड और आंकड़ों से कहीं बढ़कर है। वह टीम में धैर्य और आश्वासन की भावना लाए- एक खिलाड़ी और एक कप्तान के रूप में। दबाव में शांत रहने और टीम की जरूरतों को लगातार अपनी जरूरतों से ऊपर रखने की उनकी क्षमता ने उन्हें वास्तव में एक विशेष खिलाड़ी और नेतृत्वकर्ता बनाया।'उन्होंने कहा, 'भारतीय क्रिकेट भाग्यशाली रहा है कि उसे रोहित जैसा खिलाड़ी मिला - जिसने पेशेवरपन और खेल भावना के उच्चतम मानकों को बरकरार रखा। वह ना केवल एक उल्लेखनीय खेल रिकॉर्ड, बल्कि अनुशासन और निस्वार्थता की संस्कृति को पीछे छोड़ गए हैं जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।'पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने इंग्लैंड में रोहित की उपलब्धियोंको याद करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पठान ने कहा, 'आपके टेस्ट करियर के लिए रोहित को बधाई।

## भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से बोनस अंक दे सकता है आईसीसी

**दुबई (ईएमएस)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भारत और इंग्लैंड के बीच जून में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से शुरु होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) 2025-27 चक्र से बोनस अंक दे सकती है। वर्तमान नियमों के अनुसार अभी छोटे अंतर या एक पारी के अंतर से जीतने वाली टीम को 12 अंक, मैच टाई होने पर छह अंक और ड्रॉ रहने पर चार अंक मिलते हैं पर अब आईसीसी बड़े अंतर से मिलने वाली जीत या पारी के अंतर की जीत पर बोनस अंक दे सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डब्लयूटीसी सत्र शुरू होने से ही पारी की जीत पर बोनस अंक देने जैसे मामलों पर बात हो रही है।

# ओलंपिक के लिए लवलीना को बदलना होगा वजन वर्ग

नई दिल्ली (ईएमएस)।



अब अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए 75 किग्रा भार वर्ग को समाप्त कर दिया है। ऐसे में भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को अब 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक को देखते हुए अपना वजना वर्ग बदलना होगा। लवलीना अब तक 75 किग्रा भार वर्ग में उतरती रही हैं पर उन्हें अब या तो 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा या 80 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में उतरना होगा। आईओसी की घोषणा को देखते हुए लवलीना ने कहा, ''यह मेरे लिए बिल्कुल नई जानकारी है। यह काफी चौंकाने वाली है। मुझे लगता है कि मुझे 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा क्योंकि मेरे लिए 80 किग्रा से अधिक तक जाना मुश्किल होगा।''

उनकी निजी कोच प्रणामिका बोरा भी इस बदलाव हैरान थी लेकिन उन्होंने कहा कि फिटनेस और चिकित्सा मूल्यांकन के बाद ही नए वजन वर्ग को लेकर कोई अंतिम फैसला किया जाएगा। बोरा ने कहा, '''इस खबर से मैं वास्तव में हैरान हूं। अभी किसी फैसले पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। वह 70 और 80 दोनों वजन वर्गों में उतर सकती है लेकिन हमें इस पर फैसला करने से पहले कुछ परीक्षण करने होंगे।''अभी बोरगोहेन का वजन 74 किलोग्राम है और बोरा ने कहा कि बहुत अधिक वजन कम करने से ताकत में कमी आ सकती है। इसलिए हम देखेंगे कि उसे किस चीज से अधिक फायदा मिलता है।'' इस महिला मुक्केबाजी को पिछले महीने ही 2028 ओलंपिक में शामिल करने की पुष्टि की गई थी।

# जूनियर विश्व कप हॉकी में अच्छा प्रदर्शन करना है लक्ष्य : साक्षी राणा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा का लक्ष्य इस साल के अंत में चिली में होने वाले जूनियर विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना है। हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम की ओर से खेलते हुए साक्षी ने अच्छा प्रदर्शन किया था जिससे भी इस खिलाड़ी के हौंसले बुलंद हैं। जूनियर विश्वकप इस साल के अंत में चिली में होगा। साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में ही गोल किया था जबकि भारतीय टीम ये मुकाबला 3-4 से हार गयी थी। साक्षी ने कहा, 'मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी इसलिए टीम में जगह



पाकर उत्साहित हूं। मैं मैच से पहले दबाव में नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन कर कहा था कि निडर होकर खेलना। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य पहले मैच में गोल करने का था। मैंने जब गेंद पाई तो देखा कि मेरे आसपास कोई नहीं है। मैने शॉट लगाया और गोल हो गया।।

साक्षी ने कहा, 'मैने हॉकी इंडिया लीग और प्रो लीग में विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेला तो मुझे पता चला कि रफ्तार कितनी जरुरी है। मुझे फॉरवर्ड पंक्ति में होने के कारण मैदान पर अपनी रफ्तार अधिक से अधिक बढ़ानी होगी। इसलिए अब मैं इसी पर काम कर रही हूं। साक्षी पिछले साल जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में भी शामिल थी। उन्होंने कहा, 'मेरा ध्यान जूनियर विश्व कप पर है और मैं इसके लिए काफी मेहनत कर रही हूं जिससे देश के पदक जीतने में अपनी ओर से योगदान दे सकूं।

## बावुमा का फाइनल में खेलना संदिग्ध

जोहान्सबर्ग (ईएमएस)।



दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के टेस्ट कैप्टन टेम्बा बावुमा के जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खेलने को लेकर आशंकाएं हैं। बाउमा अभी तक कोहनी की चोट से नहीं उबरे हैं। डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला 11 जून से शुरु होगा और इसमें अभी दो माह का ही समय है। बावुमा कोहनी में चोट के कारण घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट टूर्नामेंट से भी बाहर हैं। बावुमा पहले फाइनल के लिए केप टाउन से लायंस टीम के साथ जुड़ने वाले थे पर अब भी फिट नहीं होने के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा है। ये पहली बार नहीं है जब बावुमा खराब फिटनेस के कारण मुकाबलों से बाहर हैं। वह साल 2022 में भी अपनी बाईं कोहनी की चोट से परेशान थे। जिससे उन्हें काफी समय बाहर रहना पड़ा और वह तब इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये थे। पिछले साल भी अबू धाबी में एक एकदिवसीय में आयरलैंड के खिलाफ एक रन लेते हुए वह अजीब तरह से कोहनी के बल गिरने के बाद बाहर हो गये गये थे। इसके बाद बावुमा ने वापसी करते हुए श्रीलंका के खिलाफ चार अर्धशतक के साथ वापसी की।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 9 मई, 2025 को रवीन्द्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में दोपहर 1:30 बजे जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जनजातीलय कार्य विभाग और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान भोपाल के सहयोग से होने वाले इस महोत्सव में जीआई टैग प्राप्त गोंड पेंटिंग के 4 कलाकारों को मुख्यमंत्री द्वारा ऑथोराइज्ड यूजर कार्ड वितरित किये जायेंगे।

### सीएम डॉ.यादव ने विश्व रेडक्रॉस दिवस पर मानवता के सेवकों को किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस 2025 के अवसर पर किसी भी संकट की घड़ी में मानवता की सेवा में तत्पर स्वयंसेवकों को सादर नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि विश्व बंधुत्व और मानव कल्याण की भावना से कार्य करने वाले ये स्वयंसेवक समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के स्वयंसेवक विपरीत परिस्थितियों में भी मानव जीवन की रक्षा और सहायता के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं।

## फटाफट खबरें

### कर्मचारी घर आकर बनाएंगे पेंशन के जरूरी कागज

**भोपाल,ईएमएस।** में भारतीय डाक विभाग ने पेंशनर्स को एक खुशखबरी दी है। अब पेंशनरों को जीवित प्रमाण पत्र जमा करने के लिए डाकघर और बैंक का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अब पेंशनर्स डिजिटल सेवा के माध्यम जीवित प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। डाकिया अब पेंशनरों के घर जाकर डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र बनाएंगे। यह सुविधा डाक विभाग द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से मुहैया कराई जा रही है। अब बुजुर्गों को होने वाली मुश्किलों से मुक्ति मिल जाएगी। डाक विभाग का कहना है कि जो पेंशनर्स किसी कारणवश बाहर नहीं निकल सकते हैं या किसी अन्य राज्यों में रहते हैं। ऐसे लोगों के लिए यह सेवा अत्यंत लाभकारी है। बुजुर्ग स्वास्थ्य और कई अन्य कारणों से डाकघर और बैंक में नहीं जा पाते हैं, जिसके चलते कई बार उनकी पेंशन रुक जाती है। अब नई पहल से यह समस्या खत्म हो जाएगी। पेंशनर के घर डाकिया पहुंचकर माइक्रो एटीएम डिवाइस के माध्यम से उनका बायोमेट्रिक, फिंगरप्रिंट और फेस कैप्चर लेकर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार करेंगे। जिसके बाद प्रमाण पत्र को तत्काल संबंधित विभाग को भेज दिया जाएगा। यदि पेंशनर चाहे तो डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र को वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल एप के माध्यम से भी इस सुविधा का उपयोग किया जा सकता है।

### मप्र में माओवादी संगठन पर जारी रहेगा बैन

**भोपाल,ईएमएस।** मध्य प्रदेश में माओवादी संगठन पर बैन जारी रहेगा। गृह विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के दो संगठन पर बैन को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। बता दें कि गृह विभाग ने क्रांतिकारी जन कमेटी और क्रांतिकारी किसान कमेटी पर बैन को एक साल के एक्सटेंशन कर दिया है। यह बैन पिछले साल इन संगठनों के खिलाफ जारी किया गया था। यह फैसला राज्य में माओवादी गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से लिया गया है। गौरतलब है कि बालाघाट समेत आसपास के जिलों में माओवादी सक्रिय हैं। इन संगठनों पर बैन का मतलब है कि उनकी सभी गतिविधियां गैरकानूनी होंगी। जैसे की इन संगठनों से जुड़े लोग सार्वजनिक रूप से इकट्ठा नहीं हो पाएंगे। ये संगठन किसी भी तरह से धन नहीं जुटा पाएंगे। इसके अलावा पुलिस और सुरक्षा बल संगठनों से जुड़े लोगों और उनकी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखेगी।

### मुख्यमंत्री को कर्मचारी मंच ने सौंपा ज्ञापन

**भोपाल,ईएमएस।** मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सरकार एक सप्ताह में नियमित करण नीति बनाकर जारी करें। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने 19 साल पहले 10 अप्रैल 2006 को उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार के मामले के साथ देश की दैनिक वेतन भोगी विषय की सभी याचिकाओं को एक करके एक वृहद फैसला दिया था कि देश के सभी राज्य 10 साल की सेवा पूरी कर चुके दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करें।

### कर्मचारियों को 55 प्रतिशत महंगाई भत्ते का आदेश जारी

# 1 मई से 55 प्रतिशत भत्ता वेतन के साथ मिलेगा

**भोपाल, ईएमएस।** मप्र वित्त विभाग ने मोहन कैबिनेट के फैसले के बाद कर्मचारियों को एक मई से 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने का आदेश जारी कर दिया है। इसका फायदा कर्मचारियों के साथ ही पेंशनर्स को भी मिलेगा। इसके अलावा छठवां वेतनमान पा रहे कर्मचारियों के भी महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि फरवरी-2024 से 7वें वेतनमान के तहत 50 फीसदी महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। विभाग ने कहा है कि एक जुलाई 2024 से 53 प्रतिशत और एक जनवरी 2025 से 55 प्रतिशत राशि का भुगतान कर्मचारियों को किया जाएगा।

बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसी महीने महंगाई भत्ता देने की घोषणा की थी। इसे पिछली कैबिनेट बैठक में मंजूरी भी दे दी गई है। वित्त विभाग के आदेश में कहा गया है कि कर्मचारियों को बढ़े हुए महंगाई भत्ते का फायदा एक मई 2025 से मिलेगा, जिसका भुगतान जून में होगा। एक जुलाई 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक की एरियर राशि का भुगतान 5 समान किस्तों में जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर 2025 में किया जाएगा। जो कर्मचारी अधिकारी एक जुलाई 2024 से 31 मई 2025 की अवधि में रिटायर हुए हैं या जिनकी मौत हो गई है उन्हें और उनके नॉमिनेट परिजन को एरियर की राशि दी जाएगी।



#### 6वें वेतनमान वाले कर्मचारियों को ऐसे मिलेगा डीए

वित्त विभाग के आदेश में कहा गया है कि छठवां वेतनमान पा रहे कर्मचारियों को एक जनवरी 2024 से 239 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। अब नई व्यवस्था के अनुसार एक जुलाई 2024 से सात प्रतिशत ज्यादा भत्ता मिलेगा, जो 246 प्रतिशत होगा। इसके साथ ही एक जनवरी 2025 से 246 प्रतिशत महंगाई भत्ते को 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए 252 प्रतिशत कर दिया गया है। इस आधार पर एक जुलाई 2024 से 246 प्रतिशत और एक जनवरी 2025 से 252 प्रतिशत महंगाई भत्ता छठवां वेतनमान पाने वालों को मिलेगा। इनके एरियर का भुगतान भी सातवां वेतनमान पाने वाले कर्मचारियों की तरह जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर 2025 में पांच समान किस्तों में किया जाएगा।

#### पेंशनर्स और उनके परिजन के लिए भी आदेश

वित्त विभाग ने प्रदेश के पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स को भी महंगाई राहत देने के आदेश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि 30 अक्टूबर 2024 के आदेश द्वारा पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स को 1 अक्टूबर 2024 (भुगतान नवंबर-2024) से सातवें वेतनमान में मूल पेंशन, परिवार पेंशन पर 50 प्रतिशत की दर से और छठे वेतनमान पर 239 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत दी जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 12 मार्च 2025 से मप्र पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 के अंतर्गत एक मार्च 2025 से सातवें वेतनमान में 53 प्रतिशत और छठवें वेतनमान में 246 प्रतिशत महंगाई राहत दिए जाने के फैसले में मध्य प्रदेश सरकार से सहमति चाही गई थी। इसलिए प्रदेश के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स को एक मार्च 2025 से सातवें वेतनमान पर 3 प्रतिशत और छठवें वेतनमान पर सात प्रतिशत महंगाई राहत मंजूर की जाती है। इसके बाद छठवें वेतनमान पर 246 प्रतिशत और सातवें वेतनमान पर पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स को 53 प्रतिशत महंगाई राहत मिलेगी।

### औकात में रहोगे तो जिंदा रहोगे :शर्मा

# ऑपरेशन सिंदूर: महिलाओं ने खेली सिंदूर की होली



**भोपाल, ईएमएस।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आंतकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफतला के बाद भोपाल में सिंदूर उत्सव मनाया गया। महिलाओं ने सिंदूर की होली खेलकर खुशियां मनाई। कहा कि- आंतकियों ने अपने हमले में महिलाओं का सिंदूर छीना था। भारत के सैनिकों ने सिंदूर का बदला ले लिया है। भारत के सैनिकों की वीरता के लिए हम सिंदूर खेला खेल रहे हैं। महिलाओं ने भारतीय सेना की रक्षा के लिए प्रार्थना की।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। कहा- यह बात पाकिस्तान को समझ लेनी चाहिए कि औकात में रहोगे तो जिंदा रहोगे, औकात से बाहर जाओगे तो जमीदोज कर दिए जाओगे। आतंकवाद पैदा करोगे तो जैसे तुमने हमारी जानें लीं हैं, वैसे हम आतंकवादियों की जान लेंगे। और ध्यान रखना हमारे सिखों पर या किसी पर भी भूलकर भी हमला मत कर देना, यह बहुत घातक होगा।

#### प्रधानमंत्री ने भारत के लोगों का दिल जीता

हम ढूंढ-ढूंढ कर केवल आतंकवादियों को मार रहे हैं एक भी पाकिस्तानी नागरिक को हाथ नहीं लगाया है। और हां जो आतंकवादी है उसको कब्रिस्तान और जहन्नुम पहुंचाने का काम भारत की सेना करती थी और आगे भी करती रहेगी। हम दुनिया के नक्शे से आतंकवाद को खत्म कर देंगे और पाकिस्तान अगर अपने आप को आतंकवादी घोषित करेगा तो फिर इसके बारे में भी भारतीय सेना विचार करेगी। प्रधानमंत्री ने भारत के लोगों का दिल जीता है।

# एआई वर्कशॉप में शामिल हुए प्रदेश भर से आए आईएएस अधिकारी

**भोपाल, ईएमएस।** भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में गुरुवार को दो दिवसीय कार्यशाला एआई भारत मध्य प्रदेश शुरू हुई। कार्यशाला में प्रदेश की नीतियों और टेक्नोलॉजी सेक्टर से जुड़े विशेषज्ञों और आईएएस अधिकारियों ने सरकारी सेवाओं में एआई के उपयोग पर चर्चा की। यह भी बताया गया कि मध्य प्रदेश उन कुछ राज्यों में से एक है जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर तेजी से काम हो रहा है। इसके साथ ही आधार में प्री-डॉक्यूमेंट फाइलिंग और फेस डिटेक्शन जैसी तकनीकों को शामिल करने पर भी काम किया जा रहा है। यह दो दिवसीय कार्यशाला 9 मई तक चलेगी। इस दौरान में डिजिटल टेक्नोलॉजी, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा सुरक्षा और आधार से जुड़ी नवाचार परियोजनाओं पर भी विशेष सत्र रखे गए हैं।

#### भारत का पहला एसडी-वान राज्य नेटवर्क

कार्यशाला में बताया गया कि मध्य प्रदेश ने डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत का पहला एसडी-वान आधारित राज्य नेटवर्क बनाया है। यह नेटवर्क समाधान पूरे राज्य में सरकारी कार्यालयों को जोडऩे, डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है।

### मोहन सरकार की नई संविलियन नीति

# गृह जिले में नहीं होगा पटवारियों का ट्रांसफर

**भोपाल, ईएमएस।** मप्र के कर्मचारी अधिकारियों के तबादले भले ही शुरू हो गए हों, लेकिन पटवारियों को शर्तों के हिसाब से ही तबादले का लाभ मिल पाएगा। राज्य सरकार ने पटवारियों की संविलियन नीति 2025 जारी कर दी है। नई नीति के मुताबिक, 16 फरवरी 2024 के पहले भर्ती हुए पटवारियों को ही जिला अंतर्गत संविलियन की पात्रता होगी। लेकिन जो पटवारी 16 फरवरी 2024 के बाद भर्ती हुए हैं, उन्हें सिर्फ तीन शर्तों के आधार पर ही संविलियन की अनुमति दी जाएगी। दरअसल, पटवारी का पद जिला स्तरीय संवर्ग का होने से इस संबंध में अलग से नीति जारी की गई है। इसके मुताबिक, किसी भी पटवारी को उसके गृह जिले में पदस्थ नहीं किया जाएगा। नई संविलियन नीति के मुताबिक, 16 फरवरी 2024 को भर्ती हुए पटवारियों का तीन शर्तों पर ही तबादला हो सकेगा। इसमें यदि पटवारी की पत्नी या पति सरकारी नौकरी में हैं और वे अलग-अलग जिलों में पदस्थ हैं, तो वे आवेदन कर सकेंगे। लेकिन इसके लिए जिले में पटवारी का पद खाली होना चाहिए। दूसरा विवाहित महिला, विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला पटवारी होने पर और पटवारी को गंभीर बीमारियों होने पर आवेदन कर सकेंगे, लेकिन इसके लिए जिले में पद रिक्त होना चाहिए।




#### ऑनलाइन करने होंगे आवेदन

पटवारियों को तबादले के लिए आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा आवेदन ऑनलाइन करने होंगे। ऑनलाइन आवेदन करने पर उन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा। पटवारियों के ऑनलाइन आवेदन का सत्यापन जिला कलेक्टर द्वारा ऑनलाइन ही किया जाएगा। इसके बाद इसे विभाग को भेजा जाएगा। संविलियन आदेश राज्य शासन के अनुमोदन से भू-अभिलेख विभाग द्वारा ही जारी किया जाएगा। संविलियन में आरक्षण के प्रावधानों को ध्यान में रखा जाएगा। विभाग ने साफ किया है कि एक बार संविलियन आदेश जारी होने के बाद फिर से इस पर विचार नहीं किया जाएगा। आदेश जारी होने के बाद जिले में 15 दिन में ज्वाइन करना अनिवार्य होगा। हालांकि किसी भी पटवारी को उसके गृह जिले में पदस्थ नहीं किया जाएगा।

### अनावश्यक व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित

# संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र में बढ़ाई गई सुरक्षा

**भोपाल, ईएमएस।** उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली स्थित संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। भारत-पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनावपूर्ण हालातों के मद्देनजर विद्युत केंद्र की सीमा में अनावश्यक व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन ने यह निर्णय एहतियातन तौर पर लिया है ताकि किसी भी संभावित खतरे से केंद्र की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।


केंद्र के मुख्य अभियंता के. त्रिपाठी ने बताया कि जबलपुर से प्राप्त उच्चस्तरीय निर्देशों के तहत यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की सुरक्षा स्थिति को देखते हुए संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे में केंद्र की कालोनी सहित पूरे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब केवल आवश्यक और प्राधिकृत व्यक्तियों को ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों और निवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे सुरक्षा कर्मियों द्वारा की जा रही जांच प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग करें। परिसर के अंदर और बाहर के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है तथा समय-समय पर औचक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं।

मुख्य अभियंता ने यह भी कहा कि यह कदम केवल वर्तमान सुरक्षा परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है और यह अस्थायी व्यवस्था है, जो स्थिति सामान्य होने पर समीक्षा के उपरांत समाप्त की जा सकती है। विद्युत केंद्र प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों से संयम बरतने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संयम और जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है और सभी को मिलकर इस चुनौतीपूर्ण समय में सहयोग करना चाहिए। यह कदम संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र की संरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति प्रशासन की सजगता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।



# ड्रग्स मामला: कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के बगरोदा में पकड़े करीब 1800 करोड रुपए की एमडी ड्रग्स के आरोपी हरीश आंजना की जमानत को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट का कहना है कि आरोपी के पास से पकड़े गए एमडी ड्रग्स की मात्रा काफी अधिक है। इस प्रकार के आरोपी युवाओं को नशे का आदी बना रहे हैं जो समाज के लिए गंभीर है। इसलिए इस मामले में जमानत नहीं दी जा सकती। हरीश आंजना ड्रग्स फैक्ट्री के मास्टरमाइंड शोएब लाला का खास था। शोएब के साथ हरीश पहले एमडी ड्रग्स के एक-एक किलो के पैकेट बोरी में रखकर उन्हें पैक करता था। उसके बाद शोएब के साथ उन्हें राजस्थान में डिलीवरी करता था। एक वक्त ऐसा भी था जब हरीश में ट्रक में एमडी ट्रक लोड करवाकर मंदसौर भेजा था। शोएब और हरीश एक किलो एमडी ड्रग्स के बदले का 7 से 8 लाख रुपए लेते थे। पिछले साल गुजरात एटीएस ने भोपाल से सटे बागरोदा इलाके में कार्रवाई कर एमडी ड्रग्स बनाने वाली बंद फैक्ट्री को पर कार्रवाई की थी। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड गुजरात के साथ एक फैक्ट्री से करीब 1800 करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद की थी।







### ईको सेंसिटिव जोन के संबंध में मॉनिटरिंग समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# पन्ना टाइगर रिजर्व: क्षेत्र में नहीं लगेंगे नए उद्योग

**भोपाल, ईएमएस।** पन्ना टाइगर रिजर्व के इको सेंसिटिव जोन में आने वाले पन्ना, छतरपुर और दमोह जिलों के 67 गांवों का जोनल मास्टर प्लान तैयार होगा। यह काम एक साल में पूरा किया जाएगा। टाइगर रिजर्व इको सेंसिटिव जोन घोषित होने के 11 माह बाद हुई पहली बैठक में यह तय किया गया है कि प्रस्तावित जोन में लैंड यूज एरिया की स्थिति स्पष्ट की जाए। इसमें सभी प्रकार की व्यवसायिक खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध सहित नए उद्योग स्थापना पर भी रोक शामिल रहेगी। नेशनल पार्क के एक किमी के दायरे में ही होटल और रिसोर्ट संचालित होंगे। टाइगर रिजर्व को इको सेंसिटिव जोन घोषित करने की कार्यवाही 5 जून 2024 को हुई थी। इसके बाद संभागायुक्त सागर की अध्यक्षता में पहली बैठक में मंडला के कर्णावती व्याख्या केन्द्र में पन्ना टाइगर रिजर्व एवं गंगऊ अभ्यारण्य क्षेत्र में प्रस्तावित ईको सेंसिटिव जोन के संबंध में मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के अध्यक्ष और संभागायुक्त सहित पन्ना, छतरपुर कलेक्टर, क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व मौजूद रहे। बैठक में कहा गया कि कार्य योजना के अनुसार ईएसजेड के लिए कार्यवाही की जाएगी। इसमें पन्ना, छतरपुर और दमोह जिले के 67 गांवों को शामिल किया गया है। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलवार तैयार मैप के मुताबिक भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार करेंगे और 2026 तक जोनल मास्टर प्लान तैयार करने का काम पूरा करेंगे। इस दौरान प्रस्तावित जोन में लैंड यूज एरिया पर भी चर्चा की गई।



#### सेंसिटिव जोन में 3 उपायों पर काम होगा

सेंसिटिव जोन में तीन तरह के उपाय किए जाना हैं, इसमें पूर्णत: प्रतिबंधित, नियंत्रित और बढ़ावा देने वाली अलग-अलग गतिविधियां शामिल हैं। यहां ध्वनि और वायु प्रदूषण सहित अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों के लिए जारी नियमों का पालन करना आवश्यक है। जोन में सभी प्रकार की ईको फ्रेंडली गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिसमें रेन वाटर हॉर्वेस्टिंग, स्किल डेवलपमेंट और पौधारोपण जैसी गतिविधियां शामिल हैं। यहां जन जागरूकता गतिविधियों, जोनल मास्टर प्लान की जरूरत और प्रस्तावित जरूरी कार्यों के लिए समिति बनाने और विशेषज्ञों की नियुक्ति की जानकारी भी बैठक में दी गई। इसमें केन बेतवा परियोजना के अभियंता द्वारा बांध एवं नहर के अलग-अलग निर्माण कार्यों के दौरान कुछ मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसियेट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालयः ''ईएमएस हाउस'' यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेल: expressnews.advt@gmail.com (रजि न. RNI 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।